दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 97
कोटद्वार बुधवार
2 अगस्त 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## महाराष्ट्र में बड़ा हादसा: गर्डर लांचिंग मशीन के गिर जाने से 16 लोगों की मौत, 3 घायल

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के शाहपुर के पास मंगलवार सुबह एक गर्डर लांचिंग मशीन के गिरने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। यह घटना मंगलवार तडके शाहपुर तहसील के सरलांबे गांव के पास हुई। हादसे के समय एक पुल के लिए गर्डर लांचिंग का काम चल रहा था।प्राप्त जानकारी के मुताबिक मशीन का इस्तेमाल 701 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेस-वे फेज तीन के निर्माणाधीन पुल के लिए किया जा रहा था। आशंका है कि अन्य छह मजदूर और इंजीनियर मलबे के नीचे फंसे हुए हैं। इसमें वे लोग शामिल नहीं हैं, जिन्हें चोटें आई हैं और जिनका शाहपुर के एक स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की दो टीमें राहत एवं बचाव अभियान चला रही हैं।

## बाढ़ में बही पंजाब रोडवेज की बस के नीचे से तीन शव मिले

**मनाली (कुल्लू), एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के मनाली में ब्यास में आई बाढ़ में बही पंजाब रोडवेज की बस के नीचे तीन शव बरामद हुए हैं। मंगलवार को प्रशासन की टीम ने बाढ़ में बही बस को बीच नदी से निकाला। नदी के पानी का रुख मोड़कर दो जेसीबी से बस को निकाला गया।

# उत्तराखण्ड को विशेष सहायता (ऋण) के लिए मिली 951 करोड़ की स्वीकृति

### सीएम धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जताया आभार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पूंजीगत निवेश 2023-24 के अन्तर्गत उत्तराखण्ड को विशेष सहायता (ऋण) के लिए 951 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य को प्रदान की गई इस विशेष सहायता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया।

वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जिन महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए 2023-24 के लिए राज्य को विशेष सहायता स्वीकृत की गई है, उनमें जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की सुविधा के लिए 110 करोड़ रूपये, नैनीताल में मॉडल कॉलेज अपग्रेडेशन के लिए 61 करोड़ रूपये, 500 बेड के दून मेडिकल कॉलेज के लिए 60 करोड़ एवं दून मेडिकल कॉलेज कैम्पस के लिए 33.98 करोड़ रूपये की विशेष सहायता प्रदान की गई है। पीएमजीएसवाई स्टेट शेयर के लिए 56 करोड़ रूपये, रूड़की देवबंद रेल लाईन के लिए 55 करोड़ रूपये, सहसपुर में स्किल हब के लिए 25.91 करोड़ रूपये, फार्म मशीनरी बैंक के लिए 25 करोड़ रूपये, टनकपुर आईएसबीटी के लिए 25 करोड़ रूपये, देहरादून में बस डिपो/वर्कशाप के लिए 25 करोड़ रूपये एवं अल्मोड़ा सीवरेज स्कीम के लिए 20.16 करोड़ की विशेष सहायता प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त अन्य योजनाओं में भी विशेष सहायता के तहत भारत सरकार द्वारा धनराशि स्वीकृत की गई है।

# मणिपुर हिंसा: राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त



सुप्रीम कोर्ट ने डीजीपी को किया तलब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर हिंसा की स्वतंत्र जांच का आदेश देने की गुहार वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को कहा कि ऐसा लगता है कि मई की शुरुआत से लेकर जुलाई के अंत तक राज्य में कानून-व्यवस्था और संवैधानिक तंत्र पूरी तरह से ध्वस्त हो गया था। शीर्ष अदालत ने कुछ इसी तरह की सख्त टिप्पणियों के साथ मणिपुर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को सात अगस्त को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलील सुनने के बाद ऐसी कई सख्त टिप्पणियां कीं।

पीठ ने जांच पूर्व प्रक्रिया की निष्पक्षता पर जोर देते हुए राज्य की हिंसक घटनाओं के विवरण अदालत में सोमवार को उपस्थित होकर खुद देने के लिए राज्य के पुलिस महानिदेशक को तलब किया और एक बार फिर कहा कि वह पूर्व न्यायाधीशों की एक जांच समिति गठित कर सकती है। पीठ ने कहा,"हम सभी प्राथमिकियों को सीबीआई को नहीं सौंप सकते। मामलों की निगरानी के लिए कोई तंत्र स्थापित करना होगा।" शीर्ष अदालत ने राज्य पुलिस की जांच को 'धीमी और सुस्त' पाया और कहा अपराध के घटित होने और पीड़ितों के बयानों को दोबारा दर्ज करने के बीच चूक हुई। पीठ ने मुआवजे के निर्धारण सहित इसकी छूट पर निर्णय ले सकती है। शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार से मुर्दाघर में रखे शवों की पहचान स्थापित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी मांगी।

पीठ ने यह भी कहा कि वह जाना चाहती है कि हिंसा प्रभावित इलाकों में कितने स्कूल हैं। उनमें कितने छात्र हैं। वहां क्या हालात पढ़ाई के लिए अनुकूल हैं। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा, "स्थिति बेहद परेशान करने वाली है। हम ऐसी नाजुक स्थिति में है कि थोड़ा सा धैर्य स्थिति को सुधारने में मदद करेगा।" अदालत ने दो महिलाओं को नग्न घुमाने और यौन उत्पीड़न के वायरल वीडियो से संबंधित मामले में उन पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवा-ई के बारे में सरकार से सवाल किया, जिन्होंने कथित तौर पर जीवित बची महिलाओं को भीड़ के हवाले कर दिया था।

मणिपुर सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित 11 प्राथमिकियों को सीबीआई को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव दिया है। पीठ ने कहा कि वर्तमान हालात को देखते हुए कहा जा सकता है कि मणिपुर में कोई कानून-व्यवस्था नहीं बची है और यह बिल्कुल स्पष्ट है कि राज्य पुलिस जांच करने में असमर्थ है ।

## जुम्मा में भूस्खलन से सड़क पर आ गिरा पूरा 'पहाड़', 50 मीटर सड़क ध्वस्त



**धारचूला (पिथौरागढ़)।** उत्तराखंड में पिथौरागढ़ के धारचूला में एलागाड़ जुम्मा गांव को जोड़ने वाली पीएमजीएसवाई की सड़क पर मंगलवार दोपहर भूस्खलन हो गया। पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा व बोल्डर आने से ऐसा लगा मानों पूरा पहाड़ ही सड़क पर आ गिरा हो। इसके चलते रुदिला के पास सड़क बंद हो गई है। गनीमत रही कि इस दौरान इस जगह पर कोई आवाजाही नहीं हो रही थी। वरना बड़ा हादसा हो सकता था। इस दौरान सड़क से कुछ दूरी पर खड़े लोगों ने भूस्खलन का वीडियो भी बनाया।उधर, मलबा आने से 50 मीटर सड़क ध्वस्त हो गई है। जिससे जुम्मा गांव के ग्रामीणों का तहसील मुख्यालय से संपर्क कट गया है। पीएमजीएसवाई के प्रभारी ईई किशन सिंह एरी ने बताया की बुधवार को नुकसान का आकलन किया जाएगा।

### सरकार ने लोकसभा में पेश किया दिल्ली सेवा विधेयक

# विपक्ष का विरोध राजनीति से प्रेरित: शाह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारी हंगामे के बीच आखिरकार सरकार ने लोकसभा में दिल्ली सेवा अध्यादेश को बदलने के लिए विधेयक पेश किया। गृहमंत्री अमित शाह की ओर से गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने इसे पेश किया। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि संसद को दिल्ली के लिए कानून बनाने का अधिकार है। इस पर आपत्ति करना राजनीति से प्रेरित है। वहीं, विपक्षी सांसदों ने इस दौरान सदन के भीतर जमकर हंगाना काटा। हालांकि सदम में हंगामे के कारण इस विधेयक पर चर्चा नहीं हो सकी, अब कल इस पर चर्चा होगी। बता दें कि लोकसभा की कार्यवाही कल 2 अगस्त तक के लिए स्थगित की गई है। लोकसभा में ˘ठउळ (संशोधन) विधेयक 2023 पर बोलते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि संविधान ने सदन को दिल्ली राज्य के संबंध में कोई भी कानून पारित करने की शक्ति दी है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने साफ कर दिया है कि दिल्ली राज्य को लेकर संसद कोई भी कानून ला सकती है। सारी आपत्ति राजनीतिक है। कृपया मुझे यह बिल लाने की अनुमति दें।

वहीं, जैसे ही गृह मंत्री शाह ने इस विधेयक पर बोलना शुरू किया, आम आदमी पार्टी के सांसद शुशील कुमार रिंकू ने विरोध जताना शुरू कर दिया। वे वेल में भी आ गए। सरकार के खिलाफ विपक्ष की नारेबाजी के बीच रिंकू ने कहा कि मुझे बोलने का मौका नहीं दिया गया। यह लोकतंत्र की हत्या है। आप भीमराव अंबेडकर का अपमान कर रहे हैं। इस दौरान रिंकू और कांग्रेस सदस्य टी एन प्रतापन को आसन के सामने कागज फेंकते देखा गया।

हंगामे के बीच स्पीकर ओम बिरला ने विपक्षी सांसदों को उनके व्यवहार के लिए फटकार भी लगाई। उन्होंने कहा कि सभी को बोलने के लिए समय दिया जाएगा। इस तरह का व्यवहार अच्छा नहीं है। देश देख रहा है।

वहीं, लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर चौधरी ने बिल पेश करने पर चर्चा करते हुए कहा कि यह विधेयक राज्यों के क्षेत्र में सरकार के अपमानजनक उल्लंघन को सही ठहराता है। यह संघवाद में सहयोग के लिए कब्रिस्तान खोदने के लिए बनाया गया है।

IHMS KOTDWAR
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
ISO 9001-2015 Certified
Institute of Hospitality, Management & Sciences
Admissions Open 2023
"Journey Towards Excellence"
AVAILABLE PROGRAMMES
M.B.A. 2 Years
FIRST AICTE APPROVED COLLEGE IN REGION
B.H.M. 4 Years
B.Sc. IT 3 Years
B.B.A. 3 Years
B.C.A. 3 Years
C.H.M. 1 Year
• Attractive Scholarships
• Industrial Tour
• Value Added Courses @ 0% cost
• Internship in Leading Companies
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# डीएम ने तहसील दिवस में सुनी 119 समस्याएं, 71 का किया निस्तारण

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में मंगलवार को थराली ब्लाक सभागार में तहसील दिवस आयोजित किया गया। तहसील दिवस में दूर दराज से आए लोंगों ने 119 शिकायतें/समस्याएं दर्ज की। जिलाधिकारी ने बारी-बारी से सभी शिकायतें सुनते हुए 71 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील दिवस में दर्ज शिकायतों का प्राथमिकता पर निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों के लिए अतिरिक्त बजट की आवश्यकता है, उनको पूरा करने के लिए समयबद्धता के साथ कार्रवाई की जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के समाधान के जिला स्तर पर नियमित मानिटरिंग की जा रही है और ऐसी शिकायतें जिनका निस्तारण शासन और निदेशालय स्तर से होना है उनके समाधान के लिए भी उच्चाधिकारियों से रेगुलर संपर्क किया जा रहा है। तहसील दिवस में लोल्टी, तलवाडी, चेपडों, रतगांव, हरमनी, पैनगड, सोलडुंग्री, बुरसोल, देवाल, कुलसारी, बैनोली आदि दूर दराज गांवों से पहुंचे फरियादियों ने अपने क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, पेयजल, विद्युत, सोलर लाइट, क्षतिग्रस्त पैदल मार्ग, पुलिया निर्माण, मुआवजा, पीएम आवास, आर्थिक सहायता, थराली बाजार से जुड़ी विभिन्न समस्याएं/शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखी। ग्राम पंचायत सूना में भूस्खलन की समस्या और थराली-वाण मोटर मार्ग के उलंगरा में सडक के मलवे से खेती को नुकसान होने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने लोनिवि को जियोलॉजिकल सर्वे कराके सुरक्षात्मक कार्य कराने के निर्देश दिए। सोल पट्टी के 9 ग्राम पंचायतों को जोड़ने वाले मोटर मार्ग पर कई स्थानों पर मलवा आने से दुर्घटना की संभावना पर सड़क निर्माणदायी संस्थाओं को शीघ्र सड़क से मलवे की सफाई करने के निर्देश दिए। थराली-देवाल मोटर मार्ग पर थराली में क्षतिग्रस्त पुल की समस्या पर लोनिवि को पुल की मरम्मत तत्काल शुरू कराने और नए पुल की डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए। हरमनी से पैनगड पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त होने की शिकायत पर पैदल मार्ग सुधारीकरण के लिए आपदा में प्रस्ताव उपलब्ध कराने को कहा।



## जोशीमठ के प्रभावितों को ग्राफिक एरा में निशुल्क शिक्षा का एक और मौका

देहरादून। ग्राफिक एरा में जोशीमठ के आपदा पीड़ितों को निशुल्क शिक्षा के लिए अब आठ अगस्त तक आवेदन किया जा सकेगा। ग्राफिक एरा ने आवेदन पत्र आमंत्रित करने की अंतिम तिथि एक बार फिर बढ़ा दी है। ग्राफिक एरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. कमल घनशाला ने पूर्व में जोशीमठ की आपदा से पीड़ित परिवारों के 100 बच्चों को ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी और ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। दोनों विश्वविद्यालयों में इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, कंम्प्यूटर एप्लीकेशन समेत हर कोर्स में निशुल्क शिक्षा देने की व्यवस्था की गई है। अब तक प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों की दो सूचियां तैयार की जा चुकी हैं। इनमें बीटेक कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, एमबीए, बीबीए, बीसीए, बीकॉम ऑनर्स समेत विभिन्न पाठ्यक्रमों में आपदा पीड़ित परिवारों के बच्चों का निशुल्क शिक्षा के लिए चयन किया गया है। विवि के आपदा राहत प्रभारी डॉ. सुभाष गुप्ता ने बताया कि प्रभावित परिवारों की सुविधा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि अब एक बार फिर बढ़ा दी गई है।

## महाराज बोले लंदन भी मांग रहा है उत्तराखंड का गड्ढा मुक्त ऐप

देहरादून। लोनिवि मंत्री सतपाल महाराज के जिस गड्ढा मुक्त ऐप पर कांग्रेस सवाल उठा रही है, उसकी मांग अब ब्रिटेन तक में हो रही है।

खुद महाराज ने कहा कि उनके लंदन प्रवास के दौरान गड्ढा मुक्त ऐप की मांग की गई। इस ऐप में कुछ खामियां हैं, पहले उन्हें ठीक किया जाएगा। पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह के सरकार चलाने वाला ऐप बनाने पर महाराज ने कहा कि ऐप से चलने वाली कोई सरकार नहीं है।

ऐप सुविधा के लिए होता है। आज जमाना आधुनिक तकनीक है। देश आगे बढ़ रहा है। भारत खुद सिंगापुर जैसे देशों के सेटेलाइट को अंतरिक्ष में भेज रहा है। इसी तरह ऐप से भला ही होगा।

उत्तराखंड सरकार के गड्ढा मुक्त ऐप की मांग लंदन तक में हो रही है। ब्रिटेन सरकार के प्रतिनिधियों ने कहा भी है कि उनके यहां कोई ऐसा ऐप नहीं है। ऐप मांगा गया है। पहले इस ऐप की कुछ खामियों को दुरुस्त किया जाएगा। इसमें कुछ खामियां हैं, उन्हें ठीक किया जा रहा है। उन्होंने देहरादून स्मार्ट सिटी के गड्डों को दूसरी तरह का मामला बताया। कहा कि कुछ कमियां जरूर हैं, जिन्हें ठीक किया जाएगा।

बारिश रोकना मेरे हाथ में नहीं

बारिश से सड़कों को होने वाले नुकसान को लेकर महाराज ने कहा कि बारिश रोकना उनके हाथ में नहीं है। बारिश रोकना किसी के भी हाथ में नहीं है। बारिश में सड़कों पर गड्ढे होते ही हैं। बारिश से सड़कें टूटेंगी भी, रिपेयर भी होंगी। सड़कों को दुरुस्त किया जा रहा है।



## दुकान के विवाद में दो पक्षों में संघर्ष

रुड़की। दुकान के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर संघर्ष हुआ। दोनों ओर से लाठी–डंडे चले और पथराव किया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लाठियां फटकार कर भीड़ को तितर–बितर किया। पुलिस का कहना है कि किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है। नगर के मोहल्ला किला की शहर पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर दुकान के विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हुई। इसके बाद दोनों पक्ष आमने–सामने आ गए। लाठी–डंडे चलने के बाद संघर्ष के दौरान पत्थर भी चले। संघर्ष की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देख झगड़ा कर रहे लोग मौके से भाग निकले। बताया गया कि एक पक्ष की दुकान दूसरे पक्ष द्वारा किराए पर ली गई थी।

## नकली दवा मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार

रुड़की। ड्रग्स कॉस्मेटिक अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे का एक आरोपी पुलिस की पकड़ से फरार चल रहा था। इसे पुलिस ने देहरादून के चक्खुवाला से गिरफ्तार किया है। औषधि निरीक्षक अनीता भारती ने टीम के साथ डाडा जलालपुर गांव में नकली दवा बनाने की सूचना पर छापेमारी करते पांच लोगों के खिलाफ ड्रग्स कॉस्मेटिक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया था। मनदीप उर्फ राहुल निवासी इंदिरा कॉलोनी चक्खुवाला देहरादून तभी से पुलिस पकड़ से बचने के लिए अलग–अलग स्थानों पर रह रहा था। आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कराए गए थे।

## हिमालयन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में ओरिएंटेशन समारोह

ऋषिकेश। हिमालयन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (एचएसएमएस) जौलीग्रांट में प्रवेश लेने वाले नए छात्र–छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन और इंडक्शन प्रोग्राम के सफल उद्घाटन सत्र का आयोजन किया। बीबीए, बीकॉम ऑनर्स और एमबीए के नए छात्र–छात्राओं में कॉर्पोरेट करियर और भविष्य में एंटरप्रेन्योरशिप को लेकर उत्साह देखा गया।

एसआरएचयू के एचएसएमएस कैंपस में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक डॉ.स्वामी राम के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया गया। डायरेक्टर जनरल एकेडमिक डेवलपमेंट डॉ. विजेंद्र चौहान ने उत्तराखंड में शिक्षा की दृष्टि से ट्रस्ट के संस्थापक डॉ.स्वामी राम के विजन को सामने रखा। डॉ.चौहान ने कहा कि विवि का फोकस अभ्यर्थी के ओवरऑल डेवलपमेंट पर रहेगा। विवि की उपलब्धियों की जानकारी दी। कुलपति डॉ.राजेंद्र डोभाल ने बौद्धिक जिज्ञासा और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देने वाला एक समावेशी और नवीन शिक्षण वातावरण प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील कि है कि वह अपने बच्चों की कॉलेज से समय–समय पर फीडबैक जरूर लें। साथ ही छात्रों से आह्वान किया कि वह अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों को भी समझें।



## एक नजर

### गुरिल्ला संगठन के जिलाध्यक्ष बनें विक्रम

उत्तरकाशी : एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्ला संगठन की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर व प्रदेश अध्यक्ष शमशेर सिंह बिष्ट द्वारा विक्रम सिंह रावत को जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर गुरिल्लाओं ने आभार व्यक्त किया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इसी अगस्त माह में जनपद उत्तरकाशी गुरिल्ला संगठन का विस्तार किया जाएगा। बैठक में लीला पंवार, कुंदन सिंह पंवार, अंजना जोशी, चमन लाल शाह, सुंदर लाल शाह, बृजलाल नैथानी, मूर्ति लाल आदि थे। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य अंकिता राणा, विपिन राणा, सुनील रावत, राघावानंद नौटियाल, मदन सिंह अनिता आदि ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष की माता के निधन पर जताया शोक

रुद्रप्रयाग : कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष ईश्वर सिंह बिष्ट की माता बिंदी देवी 72 वर्ष के निधन पर क्षेत्रीय लोगों,जनप्रतिनिधियों व विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए शोक संवेदना प्रकट की है। विदित हो कि ईश्वर सिंह बिष्ट की माता बिंदी देवी अपने रसोईघर में गैस सिलेंडर के रिसाव होने पर झुलस गई थी। उन्हें उपचार हेतु देहरादून ले जाया गया था, किंतु उपचार के दौरान ही बिंदी देवी की सोमवार देर रात को मृत्यु हो गयी थी।

मंगलवार को उनके पैतृक घाट गौचर में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंत्येष्टि में पूर्व विधायक मनोज रावत, ब्लाक प्रमुख जखोली प्रदीप थपलियाल, नगर पंचायत अध्यक्ष गौचर मुकेश नेगी, बुद्धिजीवी प्रकोष्ट जिलाध्यक्ष शिव सिंह रावत, कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुंवर सजवाण, पूर्व जिपंस बीरेंद्र सिंह बुटोला, जिपंस नरेन्द्र सिंह बिष्ट, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष हरीश गुंसाई, शैलेन्द्र भारती, अजय किशोर भण्डारी, दीपक भंडारी, सुनील पंवार, अर्जून नेगी, भूपेंद्र बिष्ट, महावीर पंवार, प्रकाश रावत, मनोज सुमरियाल सहित कई लोग मौजूद थे (एजेंसी)

## ऋषिकेश की समस्याओं को लेकर सीएम से मिलीं मेयर अनिता

ऋषिकेश। तीर्थनगरी में विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए ऋषिकेश मेयर ने सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। उन्होंने सीएम को ऋषिकेश की समस्याओं और अटकी हुई योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री धामी ने मेयर को सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मंगलवार को मेयर अनिता ममगाईं ने देहरादून पहुंचकर सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। उन्होंने सीएम को बताया कि तीर्थनगरी के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण कार्य होने हैं। जी–20 कार्यक्रम के तहत शहर में कई सड़कों का निमार्ण कराया गया था, लेकिन मानसून के चलते शहर की कई सड़कें खस्ताहाल हो गई हैं। इनका दोबारा निर्माण बेहद आवश्यक है। उन्होंने सड़क चौड़ीकरण के कार्य में हुई लापरवाहियों और उससे जनता को रही समस्याओं के बारे में भी सीएम को बताया और निर्माण कार्यों में सुधार एवं समय पर पूरा करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने का मुद्दा उठाया।



## कालसी में हुआ रक्तदान शिविर आयोजित

विकासनगर। ब्लॉक सभागार में मंगलवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 105 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इसके साथ ही स्थानीय लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक किया गया। रक्तदान शिविर की शुरुआत करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। दान किया गया रक्त मुसीबत में किसी भी व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। रक्तदान करने से व्यक्ति के स्वास्थ्य पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है, जबकि व्यक्ति ज्यादा स्वस्थ रहता है। दिए गए रक्त की पूर्ति चंद घंटों में ही पूरी हो जाती है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा युवाओं से रक्तदान करने की अपील की है।

## प्रत्येक मतदाता को स्वविवेक से करना चाहिए मतदान:डॉ.रावत

विकासनगर। पंडित शिवराम राजकीय महाविद्यालय त्यूणी में मतदाता साक्षरता को लेकर एक विचार संगोष्ठी का आयोजित की गयी, जिसमें छात्र–छात्राओं ने भी अपने विचार रखे।

मतदान जागरूकता अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. पवन रावत ने अपने सम्बोधन में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि छात्र–छात्राओं के लिए अपने विवेक से मतदान करना आवश्यक है।

डॉ. रावत ने छात्र छात्राओं का आह्वान किया कि प्रत्येक 18 वर्ष के जन को अपना मतदान पहचान पत्र जरूर बनाना है। कहा कि निर्वाचन के समय बिना किसी प्रलोभन, धर्म जाति का भेदभाव किये अपनी दृष्टि में उस पद के योग्य प्रत्याशी को अपना मत देना है।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रचार्या प्रो. अंजना श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन में कहा कि लोकतंत्र में सही ,योग्य प्रत्याशी पर ही देश का विकास निर्भर करता है। कहा कि सभी को अपने मतदान का समझदारी से प्रयोग करना चाहिए। कहा कि जो विद्यार्थी वर्तमान में 18 वर्ष के हो गये हैं वे अनिवार्य रूप से अपना मतदान परिचय पत्र अवश्य बनवा लें। यह लोकतंत्र में आपका अमूल्य अधिकार और सशक्त हथियार भी है। संगोष्ठी में राजकीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. मीनाक्षी कश्यप ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अपने मतदान का प्रयोग विद्यार्थियों को घर परिवार जनों की धारणाओं के आधार पर नहीं बल्कि स्वविवेक से निर्भीक होकर करना चाहिए। गोष्ठी में बीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा कनिका भारद्वाज, कनिष्क, एवं प्रथम सेमेस्टर के छात्र वीरेंद्र जोशी आदि ने भी अपने विचार रखे। सभी ने मतदान के महत्व को पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. सतीश ,डॉ. अजय वर्मा, सचिन शर्मा, डॉ. अवधेश कुमार, शर्मिला आदि मौजूद रहे।

## तहसील दिवस : डीएम अध्यक्षता में हुआ तहसील सदर में कैम्प आयोजित

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका द्वारा तहसील दिवस पर तहसील सदर में कैम्प आयोजित करते हुए अविवादित विरासतन मामलों के निस्तारण के निर्देश के क्रम में आज तहसील सदर में तहसील दिवस/ विशेष शिविर आयोजित करते हुए अविवादित विरासतन मामलों का निस्तारण, अविवादित दाखिला खारिज के साथ ही जनमानस की पेंशन, प्रमाण पत्र आदि समस्याओं का निस्तारण किया किया गया। जिलाधिकारी की उपस्थित में संचालित हुआ तहसील दिवस। जिलाधिकारी ने स्वयं कोर्ट में बैठकर मामलों का करवाया निस्तारण। जिलाधिकारी की इस पहल से लोगों में जगा विश्वास। अगले मंगलवार भी लगेगा शिविर। जिलाधिकारी ने तहसील सदर के लेखपाल/पटवारियों को दिए क्षेत्र में शिविर के प्रचार–प्रसार करने के निर्देश ताकि जनमानस शिविर में आकर अपने प्रकरणों का निस्तारण करवा सकें।

भविष्य में ग्राम स्तर पर शिविर आयोजित कर निपटाये जाएंगे अविवादित विरासतन के प्रकरण। जिलाधिकारी द्वारा तहसील में विशेष दाखिला खारिज शिविर लगाये जाने पर पंहुचे फरयादियों ने जिलाधिकारी की इस पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

जिलाधिकारी द्वारा फरियादियों को गंभीरता से सुनने तथा उनका निस्तारण करवाने पर फरियादियों के चेहरे में प्रसन्ता का भाव दिखा तथा जिलाधिकारी एवं जिला प्रशासन के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।



जिलाधिकारी की पहल पर आयोजित विशेष दाखिला खारिज शिविर में 2225 अविवादित दाखिला खारिज तथा 50 विरासत का निस्तारण, 10 वाद जो लंबे समय से तहसीलदार कोर्ट में चल रहे उनका निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त तहसील दिवस पर पेंशन, नाम शुदिकरण, आधार कार्ड में नाम परिवर्तन, किसान क्रेडिट कार्ड,रास्ता खुलवाने, भूमि सीमांकन, सीडब्लूएस आवेदन आदि शिकायतें प्राप्त हुई। जनमानस से जिलाधिकारी की इस पहल का स्वागत किया।

तहसील दिवस के उपरांत जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों कार्मिकों एवं लेखपालों की बैठक लेते हुए दिए आवश्यक निर्देश। जनमानस के प्रकरणों पर संवेदनशीलता से कार्य करें।

जनमानस की समस्या गंभीरता से सुने तथा मधुर व्यवहार करें। अगले तहसील दिवस पर मंगलवार को फिर आयोजित किया जाएगा विशेष दाखिला खारिज शिविर। अगले शिविर में ग्राम प्रधानों को भी बुलाने के निर्देश। अविवादित विरासतन मामलों को निपटाने के निर्देश ।

समस्त लेखपाल एवं पटवारियों को खतौनी की प्रति देने के निर्देश। ग्राम स्तर पर जाएं ग्राम प्रधान से भी वार्ता करें तथा अविवादित विरासतन के प्रकरणों की जानकारी लेते हुए मामलों को त्वरित निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पत्रावली को अनावश्यक लम्बित न रखे, लेखपाल/पटवारी क्षेत्र में भ्रमण कर क्षेत्र की स्थिति से अवगत हों तथा विभिन्न प्रकरणों पर तथ्यों सहित आख्या दें, ताकि पत्रावली का नियमानुसार त्वरित समाधान हो सके।

## चमोली जैसे हादसों की न हो पुनरावृत्तिः अपर मुख्य सचिव

देहरादून। चमोली जैसे हादसों की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए प्रदेश में कार्यरत समस्त कार्यदायी संस्थाओं की एक उच्च स्तरीय बैठक मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में ली। बैठक में यह तथ्य संज्ञान में आया कि कार्यदायी संस्थाएं इलैक्ट्रिकल वर्क को सिविल वर्क के साथ जोड़ देती हैं। जबकि कार्यदायी संस्थाओं के पास इलैक्ट्रिकल वर्क के लिए पृथक से इंजीनियर उपलब्ध रहते हैं। एक ही एस्टीमेट बनाने तथा एक साथ कार्य कराने से इलेक्ट्रिकल वर्क के लिए अच्छे से कार्य करने तथा सुरक्षा के मानकों का पालन करने में समझौते की स्थिति आती है। सिविल कॉन्ट्रैक्टर्स ही इलेक्ट्रिकल कार्य को करवाते है। बैठक में इस व्यवस्था में परिवर्तन लाने के लिए समस्त कार्यदायी संस्थाओं से सुझाव लिये गए।



कार्यदायी संस्थाओं से सुरक्षा मानकों पर चर्चा करते हुए एसीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने सख्त हिदायत दी कि सुरक्षा मानकों के लिए उच्चतम स्तर के मानदंड हैं, उन मानदण्डों के अनुसार ही उपकरणों का प्रयोग किया जाना चाहिए। एसीएस ने कड़े निर्देश दिए कि प्रोजेक्ट या कार्य पूर्ण होने के उपरान्त भी सुरक्षा मानक निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप बने रहने चाहिए।

## युवा स्पोर्टस क्लब ने जीता पहला मैच

देहरादून। सेंट जॉर्ज कॉलेज मसूरी में खेली जा रही 50वीं जैकी मैमोरियल इंविटेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट के आठवें दिन कुल पांच मैच खेले गए। पहले मैच में युवा स्पोर्ट्स क्लब ने लियो स्पोर्टस् क्लब को 6–0 से हराया। दूसरे मैच में भट्टा स्पोर्टस क्लब ने हैप्पी वैली क्लब को 1–0 से हराया।

तीसरा मैच तुलाज इंटरनेशनल स्कूल और सेंट जोसफ अकेडमी के बीच जो 0–0 से ड्रा रहा। चौथे मैच में वायनबर्ग एलन स्कूल बी ने हेम्पटन कोर्ट स्कूल को 2–1 से हराया। पांचवें मैच में आर्मी पब्लिक स्कूल ने सेंट क्लेयरस् स्कूल को 6–0 से हराया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ब्रदर रमेश अमलानाथन, उप–प्रधानाचार्य ब्रदर शाजू थॉमस, भवनेश नेगी समेत अन्य मौजूद रहे।

## एलआईसी कर्मियों ने की फैमिली पेंशन में 30 फीसदी बढ़ोतरी की मांग

देहरादून। देहरादून डिविजन इंश्योरेंस एंप्लाइज यूनियन की की बैठक में एलआईसी कर्मचारियों और अधिकारियों की फैमिली पेंशन में 30 फीसदी बढ़ोतरी की मांग की गई। कर्मचारियों ने विरोध स्वरूप प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। देहरादून में मंगलवार को एलआईसी के मंडल मुख्यालय में एलआईसी क्लास वन ऑफिसर फेडरेशन और एलआईसी कर्मचारी फेडरेशन के सहयोग से बैठक का आयोजन किया गया। फेडरेशन के सचिव नवीन धमांदा ने कहा कि फैमिली पेंशन में 30% अपडेशन की मांग अभी अधूरी है। बढ़ती महंगाई और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की जरूरतों को देखते हुए प्रबंधन को मांग पर तत्काल कार्यवाही करनी चाहिए। डीडीआईईयू के महासचिव नंदलाल शर्मा ने कहा की एनपीएस में नियोक्ता की ओर से 14% योगदान सुनिश्चित करने की मांग लगातार की जा रही है, लेकिन समस्या का निदान नहीं हो पाया है। संगठन के अध्यक्ष प्रमोद गोयल ने अवकाश और अन्य विषयों पर आवश्यक सुधार करने के लिए प्रबंधन से मांग की।

## गौशाला में लगी आग, जलकर गाय की मौत

**कोटद्वार** : पश्चिमी झंडीचौड़ में मच्छर भगाने के लिए लगाए धुएं से निकली चिंगारी ने पूरी गौशाला जला दी। आग की लपटों से जलकर एक दुधारु गाय ने दम तोड़ दिया। जबकि, दो गोवंशों ने गौशाला ने भागकर अपनी जान बचाई। पार्षद सुखपाल शाह ने बताया कि सोमवार रात सतीश चंद्र ने मच्छरों को भगाने के लिए गौशाला में धुंआ किया हुआ था। इसी दौरान धुएं से निकली चिंगारी सूखे घास में फैल गई। जिससे, गौशाला पूरी तरह जल गई। बताया कि गौशाला के भतीर बंधे दो गोवंश भागने में कामयाब हो गए थे। जबकि, एक दुधारु गाय ने वहीं, दम तोड़ दिया। पार्षद ने शासन-प्रशासन से पीड़ित सतीश चंद्र को मुआवजा देने की मांग की है। कहा कि सतीश चंद्र दूध बेचकर ही अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। ऐसे में अब उसके समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

# पुल निर्माण में लेट लतीफी, जोखिम में जान

### पिछले तीन वर्षों से अधर में लटका है लंगूरगाड नदी का पुल ,नदी उफान पर आने से बीच नदी में फंसी ग्रामीणों से भरी मैक्स

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : दुगड्डा ब्लॉक के अंतर्गत लंगूरगाड नदी पर कछुआ चाल से हो रहा पुल निर्माण कार्य ग्रामीणों की जिंदगी पर भारी पड़ रहा है। तीन वर्षों से नदी पर पुल खड़ा नहीं होने से आज भी ग्रामीणों को गांव के मार्ग तक पहुंचने के लिए नदी पार करनी पड़ रही है। मंगलवार दोपहर दुगड्डा से गांव के लिए जा रही ग्रामीणों से भरी एक मैक्स बीच नदी में फंस गई।

जुवा, भैड़गांव सहित अन्य गांव को जोड़ने वाले मार्ग से पहले पड़ने वाली लंगूरगाड नदी पर पुल निर्माण के लिए ग्रामीण वर्षों से आंदोलन कर रहे थे। इसके लिए बकायदा ग्रामीणों ने भूख हड़ताल के साथ ही दुगड्डा में जाम लगाया था। लगातार चल रहे आंदोलन के बाद शासन ने वर्ष 2021 में जुवा, भैडगांव को जोड़ने वाली इस नदी पर पुल को स्वीकृति दी। 30 मीटर स्पान पुल के लिए 203.85 लाख की प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। लेकिन, वर्तमान में जिस तरीके से पुल निर्माण हो रहा है उसने ग्रामीणों को एक बार फिर आंदोलन के लिए मजबूर कर दिया है। पिछले तीन वर्षों में पुल का पचास प्रतिशत कार्य भी पूरा नहीं हो पाया है। ऐसे में अब भी ग्रामीणों को उफान पर बनी नदी पार करनी पड़ रही है। जुआ गांव निवासी राजेंद्र सिंह ने बताया कि बरसात के दौरान लंगूरगाड नदी लगातार उफान पर बनी हुई है। ऐसे में अब तक पुल निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है। पुल निर्माण कछुआ चाल से किया जा रहा है। मंगलवार को ग्रामीणों को लेकर कोटद्वार से आ रही एक मैक्स नदी के बीच फंस गई। उफान पर बह रही नदी के बीच मैक्स के भीतर फंसे ग्रामीणों की सांसे अटक गई। सूचना के बाद गांव के युवा नदी में पहुंचे और मैक्स को बाहर निकालने का प्रयास किया। करीब एक घंटे तक अभियान चलाने के बाद मैक्स व यात्रियों को सुरक्षित नदी से बाहर निकाला गया। कहा कि यदि पुल निर्माण में तेजी नहीं लाई गई तो ग्रामीण आंदोलन को मजबूर होंगे।

#### गांव से निकलना भी मुश्किल

बरसात के समय उफान पर आ रही नदी को पार करना भी ग्रामीणों के लिए मुश्किल हो गया है। ऐसे में ग्रामीण गांव में ही फंसकर रह जाते हैं। सबसे अधिक परेशानी गांव से बाहर नौकरी करने के लिए जाने वाले युवाओं व व्यक्तियों को होती है। बरसात के दौरान गांव के बीमार लोगों को अस्तपाल तक पहुंचाना भी एक चुनौती बन जाती है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से जल्द पुल निर्माण करवाने की मांग की है।



लंगूरगाड नदी के बीच फंसी मैक्स को निकालते ग्रामीण

## अनूप बिहार कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नगर निगम के अंतर्गत वार्ड नंबर 6 काशीरामपुर तल्ला के अंतर्गत आने वाली अनूप विहार कालोनी निवासियों ने स्ट्रीट लाइट लगाने और वार्ड को शहर से जोड़ने वाली पुलिया के शीघ्र निर्माण की मांग की है। इस संबंध में कालोनी निवासियों ने पार्षद सूरज कांती के नेतृत्व में मेयर हेमलता नेगी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि उनके वार्ड में अभी तक स्ट्रीट लाइटें नहीं लग पाई हैं। इस कारण लोगों को रात में चलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं उनके वार्ड को शहर से जोड़ने वाली पुलिया भारी बारिश में आई बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो चुकी है। ऐसे में उन्हें मुख्य शहर तक पहुंचने के लिए लंबे रास्ते से होकर आना पड़ रहा है। ज्ञापन में मेयर से पुलिया के शीघ्र निर्माण के लिए लोनिवि को निर्देशित करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में राजेश्वरी रावत, संगीता रावत, यशोदा कंडारी, गुड्डी देवी, मालती देवी, गोदांबरी रावत और गीता रावत सहित अन्य महिलाएं शामिल रही।



महापौर को ज्ञापन देने पहुंचे वार्डवासी

## ब्लॉक में स्थानीय प्रशिक्षित पीआरडी जवानों को ही मिले तैनाती

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पौड़ी जिले के अन्य ब्लॉकों से कोटद्वार में पीआरडी जवानों को तैनात करने से आक्रोशित दुगड्डा ब्लॉक के पीआरडी जवानों ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। उन्होंने खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्य को पत्र भेजकर दुगड्डा ब्लॉक में स्थानीय प्रशिक्षित पीआरडी के जवानों को ही तैनात करने की मांग की।

तहसील सभागार में आयोजित बैठक में दुगड्डा ब्लॉक के पीआरडी जवानों ने विभाग पर उनकी उपेक्षा करने का आरोप लगाया। कहा कि दुगड्डा ब्लॉक में करीब 350 प्रशिक्षित पीआरडी के जवान हैं, जिनमें से अधिकतर को कुछ महीने की सेवा के बाद अब ड्यूटी नहीं दी जा रही है। जबकि पौड़ी जिले के अन्य ब्लॉकों से पीआरडी के जवानों की दुगड्डा ब्लॉक में तैनाती दी जा रही है। इससे जवानों में आक्रोश है। बैठक में पीआरडी जवान सुनील कुमार, पपेंद्र कुमार, बृजेश कुमार, हरीश चंद्र, दिनेश कुमार, भीम सिंह, संजय कुमार, अनीसा बानू, मोनिका देवी, राखी, रेनू आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस को मजबूत करने का लिया संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कांग्रेस पार्टी कार्यालय में मनोनयन पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यकारिणी के चार प्रकोष्ठों के नव नियुक्त जिलाध्यक्षों को मनोनयन पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस को मजबूत करने का भी संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष विनोद डबराल ने बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष धर्मपाल सिंह बिष्ट, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मौ. स्वाले, जिलाध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ प्रेम सिंह पयाल और जिलाध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ सुदीप घिल्डियाल को मनोनयन पत्र सौंपे। जिलाध्यक्ष विनोद डबराल ने कहा कि वर्तमान समय में जनता केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार की नीतियों से तंग आ चुकी है। इसलिए हमें संगठित होकर पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्य करना होगा। नव नियुक्त जिलाध्यक्षों ने प्रकोष्ठों के कार्यक्रम तय कर बड़ी संख्या में लोगों को पार्टी से जोड़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बलबीर सिंह रावत, रमेश चंद्र, नईम अहमद, कृपाल सिंह, अमितराज सिंह, विजय नेगी, अनिल चौधरी और गुड्डु चौहान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कांग्रेस पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरण करते जिलाध्यक्ष

## जंगली सूअरों के हमले दो गंभीर, रेफर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिले में जंगली जानवरों का आंतक थमने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन जंगली जानवर लोगों पर हमला कर घायल कर रहे है। गुलदार, जंगली सूअरों, बंदरों के आतंक से लोग परेशान हैं। सोमवार को खंडतल्ला में जंगली सूअरों ने दो ग्रामीणों को घायल कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि वे आलू की खेती को बचाने के लिए सूअर भगाने गए थे। दोनों गंभीर घायलों को जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। जिला अस्पताल में भर्ती जंगली सूअर के हमले में घायल 29 वर्षीय बलवीर नेगी निवासी खंडतल्ला ने बताया कि वे सोमवार को आलू की खेती की रखवाली कर रहे थे। इसी दौरान सूअरों का झुंड आ धमका और आलू की खेती को नुकसान पहुंचाने लगा। भगाने पर दो सूअरों ने उन पर व खंडमल्ला निवासी 45 साल के गणेश नेगी पर दो सूअरों ने हमला कर उन्हें गंभीर रुप से घायल कर दिया। एमएस डा. विजयबाला विजय बाबू ने बताया कि दोनो घायलों को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

## गांव के विकास के लिए ग्राम समिति का हुआ गठन

**कोटद्वार** : द्वारीखाल ब्लाक के अंतर्गत सिमल्या ग्राम सभा के खेतड़िया गांव में ग्राम वासियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव के विकास के लिए ग्राम समिति का गठन करने के साथ ही वृक्षारोपण भी किया गया। मंगलवार को आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समिति ग्राम विकास के हित में कार्य करेगी। साथ ही ग्रामीणों के सहयोग से गांव के बंजर खेतों को आबाद करने की पहल भी की जायेगी। मौके पर समिति का गठन करते हुए दिनेश भंडारी को अध्यक्ष, मेहरबान भंडारी को उपाध्यक्ष और दिनेश नेगी को सचिव चुना गया। इस दौरान समस्त ग्रामीण मौजूद रहे।

## नशा एक सामाजिक बुराई, जागरूकता के लिए चलाना होगा अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नवयुग पब्लिक स्कूल पदमपुर मोटाढाक कोटद्वार में उत्तराखण्ड लोक साहित्य एवं सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सदस्यों ने नशे को सामाजिक बुराई बताते हुए इसके खिलाफ अभियान चलाने की बात कही।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य चंद्रपाल सिंह नेगी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इसके खात्में के लिए हमें अभियान चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से भी नशे से दूर रहकर बेहतर भविष्य बनाने की अपील की। इस दौरान नवयुग विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रंगमंच, नुक्कड़ नाटक, नृत्य व गायन की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकाश चंद्र कोठारी, सत्यप्रकाश थपलिया ने की। इस मौके पर ज्ञान भारती के निदेशक अजय पाल सिंह रावत, रंजना रावत, सुखपाल सिंह, बाल भारती स्कूल के प्रधानाचार्य गिरिराज सिंह रावत, नवयुग विद्यालय के प्रबंधक दिनेश चंद्र सिंह नेगी, हुकुम सिंह नेगी, नील नेगी आदि मौजूद रहे।



नशे के खिलाफ आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते सदस्य

## तहसील दिवस में एसडीएम ने किया शिकायतों का निराकरण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : सदर पौड़ी तहसील में उप जिलाधिकारी मुक्ता मिश्रा की अध्यक्षता में माह के प्रथम मंगलवार को तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान छः शिकायतें दर्ज कराई गई। जिसमें से चार शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष कमल रावत ने कहा कि गत एक वर्ष से नाहसैन राजस्व निरीक्षक का पद रिक्त चल रहा हैं, जिससे राजस्व एवं पुलिस कार्य प्रभावित हो रहे है। उन्होंने तत्काल राजस्व निरीक्षक की तैनाती की मांग की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग उपजिलाधिकारी से की। पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं समाज सेविका एडवोकेट कुसुम नेगी ने पौड़ी नगर क्षेत्र में आवारा कुत्तों एवं सांडो से जनता को निजात दिलवाने की शिकायत दर्ज कराई। जिस पर उपजिलाधिकारी ने नगर पालिका ईओ को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर 1 से 8 अगस्त 2023 तक महिला एवं बाल विकास द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह पखवाड़ा के तहत उपजिलाधिकारी द्वारा पौड़ी विकासखंड की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं उपस्थित सभी अधिकारियों को माताओं द्वारा शिशुओं को स्तनपान करवाने के लिए जन जागरूकता के तहत सपथ दिलवाई गई।



तहसील दिवस में एसडीएम को समस्या बताते हुए ग्रामीण।

## लावारिस कुत्तों की दहशत से नहीं मिल रही निजात, तीन लोगों को काटा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : शहर में लावारिस कुत्तों की दहशत से लोगों को निजात नहीं मिल पाई है। मंगलवार को भी आवारा कुत्तों ने तीन लोगों को काट डाला। एक माह के भीतर शहर में लावारिस कुत्तों ने 13 लोगों को काटकर घायल कर दिया है। कुत्तों के काटने की लगातार घटनाओं से शहरवासी दहशत में जीने को मजबूर हैं। स्थालीय लोगों ने प्रशासन से कुत्तों के आंतक से निजात दिलाने की मांग की है।

मंगलवार को स्थानीय लोग कुत्तों के हमले में घायल लोगों के साथ डीएम कार्यालय पहुंचे और एसडीएम से मुलाकात कर समस्या से निजात दिलाने की मांग की। पौड़ी शहर में इन दिनों शहरवासी झुंड में घूम रहे आवारा कुत्तों से खासे परेशान हैं। बीते सोमवार को कुत्तों ने स्कूल जाती एक पांच वर्षीय बालिका को बुरी तरह काट दिया था। सोमवार को देर शाम तक आवारा कुत्तों ने 5 लोगों को काट दिया था। मंगलवार को भी कोटद्वार रोड़ पर बैंक के समीप, लक्ष्मी नारायण मंदिर के समीप अलग-अलग स्थानों पर लावारिस कुत्तों ने तीन लोगों पर अचानक हमला कर घायल कर दिया। घटना से आक्रोशित काफी संख्या में स्थानीय लोग मंगलवार को डीएम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने एसडीएम मुक्ता मिश्रा ने मुलाकात कर शहर में आवारा कुत्तों से पैदा हो रहे हालात से निजात दिलाने की मांग की। इस दौरान लोगों ने कहा कि आवारा कुत्तों से स्कूल आते-जाते बच्चों के लिए खतरा बना हुआ है। उन्होंने जागरुकता के लिहाज से शहर में वाहनों के माध्यम से एनाउंसमेंट करने के साथ ही समस्या से निजात दिलाने की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम मुक्ता मिश्रा ने नगर पालिका के ईओ को मौके पर बुलाया। पालिका के ईओ गौरव भसीन ने भरोसा दिलाते हुए नियमानुयार कार्रवाई कर समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर अनीता रावत, आशीष नेगी, मोहित सिंह, भरत सिंह, युद्धवीर सिंह, विनोद नेगी आदि शामिल रहे।

## आपदा प्रभावितों की मदद में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़ाया हाथ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कौड़िया क्षेत्र में पनियाली गदेरे से हुई तबाही का मंजर अब भी नजर आ रहा है। लोगों के घरों व रास्तों में अब भी भारी मलबे का ढेर जमा है। ऐसे में अब भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने लोगों की मदद में हाथ आगे बढ़ाया है।

पांच दिन पूर्व हुई तेज बारिश से क्षेत्र की नदी व गदेरे उफान पर बने हुए थे। सबसे अधिक नुकसान पनियाली गदेरे ने पहुंचाया। गदेरे का पानी व मलबा आसपास के घरों में घुस गया था। पिछले पांच दिन से प्रभावित परिवारों के घरों में मलबा जमा हुआ है। नगर निगम व प्रशासन की टीम लगातार प्रभावित परिवारों की मदद में जुटी हुई है। ऐसे में अब भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने भी परिवारों की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद सिंह रावत के नेतृत्व में कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने कौड़िया स्कूल में भरे मलबे को साफ किया। भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया है।



कौड़िया क्षेत्र में मलबा निकालने के कार्य में जुटे भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

## बांज के पौधे रोपने से होगा जल स्रोतों का संरक्षण

**श्रीनगर गढ़वाल** : कीर्तिनगर ब्लॉक के ग्राम पैंडुला में हरेला कार्यक्रम के अन्तर्गत वन विभाग के सौजन्य से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पानी के मूल स्रोतों का संरक्षण व सुदृढ़ीकरण के लिए बांज, अर्जुन, आम, आंवला सहित अन्य औषधीय, छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया गया। ग्राम पंचायत पैंडुला के ग्राम प्रधान व प्रधान संगठन के अध्यक्ष सुनय कुकसाल ने कहा कि पानी के स्रोतों का संरक्षण व पानी के रिचार्ज में वृद्धि के उद्देश्य से पानी के स्रोत के ऊपर बांज सहित अन्य प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जाना अति आवश्यक है। इस मौके पर वन क्षेत्राधिकारी बुद्धि प्रकाश, परमेश्वरा नंद बडोनी, महावीर सिंह सजवाण, पुरूषोत्तम लाल, आनन्द सिंह महर, नीरज मेहरा सहित ग्रामीण मौजूद रहे। (एजेंसी)

## सड़कों पर गड्ढों और टूटे जालों पर भड़के भाजपा कार्यकर्ता

**श्रीनगर गढ़वाल** : श्रीनगर नगर निगम क्षेत्र में बारिश के कारण सड़कों पर जगह-जगह पड़े गड्ढों व टूटे जालों को ठीक कराने की मांग को लेकर भाजपा के पदाधिकारी नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त से मिले। इस दौरान उन्होंने कहा कि तत्काल इनकी मरम्मत कराकर लोगों को सुविधाएं दी जाएं। कहा कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत की ओर से नगर निगम के लिए बजट की कोई कमी नहीं की जा रही है।

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र रावत, भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. सुधीर जोशी, व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी, कुशलानाथ, दिनेश रूडोला, हरि सिंह बिष्ट आदि ने नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त रविराज बंगारी से वार्ता के दौरान कहा कि बारिश से नगर क्षेत्र की सड़कों में जगह–जगह गड्ढे हो गए हैं। साथ ही नालियों के ऊपर लगे जाले व सीवर के ढक्कन टूट गए हैं। जिसके कारण आम जन को भारी दिक्कतें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम प्रशासन अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से समझे व जनहित के कार्यों को करने में तेजी दिखाए। सहायक नगर आयुक्त बंगारी ने भाजपा पदाधिकारियों को जल्द से जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

# होमगार्डो ने स्थाई नियुक्ति की उठाई मांग



पिथौरागढ़। डीडीहाट में होमगार्डों ने स्थाई नियुक्ति की मांग उठाई है। उनका कहना है कि उन्हें नियमित ड्यूटी नहीं मिलती। एक माह की सेवा के बाद उन्हें घर पर बैठना पड़ता है। यह व्यवस्था उनके लिए मुसीबत का सबब बन गई है। मंगलवार को होमगार्डों ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्ष 1995 से वह विभिन्न विभागों में होमगार्ड के तौर पर कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा आपदा, आम चुनाव से लेकर यातायात ड्यूटी भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व तक दो माह ड्यूटी के बाद एक माह ड्यूटी से मुक्त कर दिया जाता था। वर्तमान में एक एक माह की ड्यूटी के बाद उन्हें एक माह ड्यूटी से मुक्त रखा जा रहा है। कहा कि इस प्रकार की व्यवस्था से उनके सामने कई समस्या खड़ी हो गई हैं। उन्होंने शासन–प्रशासन से उन्हें स्थाई नियुक्ति दिए जाने की मांग की है।

**यूथ कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी**

पिथौरागढ़। यूथ कांग्रेस ने शासन–प्रशासन से होमगाडी की समस्या हल न करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। यूथ कांग्रेस के जिला महासचिव चंचल सिंह का कहना है कि होमगाडी का वर्ष में केवल पांच से छह माह की नौकरी देकर सरकार पलायन को बढ़ावा दे रही है। कहा एक तरफ सरकार होमगार्ड भर्ती करने की बात कह रही है, दूसरी तरफ होमगाडी को नियमित ड्यूटी तक नहीं मिल रही। इससे कई होमगाडी के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। चंचल ने कहा कि अगर सरकार ने होमगाडी की समस्या को दूर नहीं किया तो यूथ कांग्रेस सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी।

## सड़क निर्माण की मांग को पनखोली के ग्रामीणों ने दिया डीएम को ज्ञापन

पिथौरागढ़। डीडीहाट विधानसभा के पनखोली क्षेत्र के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर डीएम को ज्ञापन दिया है। मंगलवार को खतीगांव के ग्रामीणों ने डीएम रीना जोशी को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। स्थानीय मनोज पुनेठा व रघुवर दत्त कापडी ने कहा कि पलेटा से खतीगांव, तडीगांव, सिनखोली, भांतड तक 5 किमी सड़क का काम 2018 में स्वीकृत हो गई थी। पांच साल बाद भी सड़क निर्माण के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि भी कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं। इससे 300 की अधिक की में सबसे अधिक बुजुर्ग लोगों, गर्भवती महिलाओं, बच्चों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने पलायन रोकने के लिए सड़क निर्माण की मांग की है। इस दौरान खिलानंद पुनेठा, पवन पुनेठा, मनोज पुनेठा, मोहित पुनेठा मौजूद रहे।

# पाटी पुलिस ने 930 ग्राम चरस के साथ दो दबोचे



चम्पावत। पाटी पुलिस ने 930 ग्राम चरस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीसी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पाटी थाने के एसओ देवनाथ गोस्वामी ने बताया कि चेकिंग के दौरान ढोलीगांव तिराहे से राजेश पुत्र राजाराम के कब्जे से 520 ग्राम और महेंद्र पुत्र कवर भान निवासी हनुमान कॉलोनी, हरियाणा के कब्जे से 410 ग्राम चरस बरामद की गई। एसओ ने बताया कि आरोपी के अनुसार चरस देवीधुरा क्षेत्र से सस्ते दामों में खरीद कर हरियाणा में उंचे दामों में बेचने के लिए ले जाई जा रही थी। पुलिस के मुताबिक जिस व्यक्ति के वहां से चरस खरीदी गई है, उसके खिलाफ कुछ साक्ष्य मिले हैं।

# चित्रकला प्रतियोगिता में अहाना बर्थवाल ने पाया पहला स्थान



अल्मोड़ा। राम कृष्ण कुटीर अल्मोड़ा द्वारा स्वामी विवेकानंद की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में अहाना बर्थवाल ने जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सीनियर वर्ग में भाषण प्रतियोगिता में खुशबू फर्स्वाण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में रीतिका टम्टा, कृतिका पांडे, देवाशीष शाह, सृष्टि शाह, यक्षिता जीना, मैत्रिया पांडे ने प्रतिभाग किया था।इस प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्य विनीता शेखर लखचौरा ने हर्ष व्यक्त किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## लॉन्ड्री संचालक को 10 अगस्त को कोर्ट में पेश होने के निर्देश

हल्द्वानी। राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने सिटी मजिस्ट्रेट के दौरे के बाद एसटीएच की मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री के संचालक को पुनः नोटिस भेजा है। जिसमें संचालक को 10 अगस्त को सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट में उपस्थित होने को कहा है। मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह एक मामले की जांच के लिए एसटीएच पहुंची। इस बीच उन्होंने मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री का निरीक्षण कर मौजूद कर्मियों से जानकारी ली। उन्होंने चेताया कि अगर संचालक ने स्वयं लॉन्ड्री खाली नहीं की तो बलपूर्वक खाली करायी जाएगी। इधर, सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश पर मंगलवार को प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने लॉन्ड्री संचालक राकेश कुमार मैसर्स आरके लॉन्डर्स को नोटिस जारी किया है।

# मांगें पूरी न होने पर आशाओं ने किया धरना–प्रदर्शन

पिथौरागढ़। उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कस यूनियन ने मांगें पूरी न होने पर संपूर्ण कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। आशाओं का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती वह किसी भी प्रकार का कार्य नहीं करेंगी।मंगलवार को गंगोलीहाट में ब्लॉक अध्यक्ष उमा महरा के नेतृत्व में कार्यकत्रियां एकत्र हुई।

इस दौरान उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। महरा ने कहा कि पिछले लंबित बिलों का भुगतान और मोबाइल फोन को लेकर वह लगातार आवाज उठा रही हैं। बीते जुलाई माह के दौरान भी उन्होंने दो बार स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों को ज्ञापन दिया। इसके बावजूद भी उनकी मांगों को लेकर शासन–प्रशासन ने कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया।

कहा कि सरकारी तंत्र की इस अनदेखी के कारण उन्हें कार्य बहिष्कार करना पड़ रहा है।







प्रदर्शन करने वालों में कमला बिष्ट, मुन्नी देवी, मंजू देवी, सीता देवी, तारा देवी, राधिका देवी, प्रभा जोशी, रेनू पंत, हेमा पंत, हंसी कोश्यारी, सीता पंत, लीला आदि मौजूद रहे। इधर बेरीनाग में भी ब्लॉक अध्यक्ष सावित्री पंत के नेतृत्व में आशा कार्यकत्रियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। सावित्री ने कहा कि नौ माह से उन्हें भुगतान नहीं हुआ है। इससे कार्यकत्रियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी वह आंदोलन में डटी रहेंगी। यहां उमा पंत, सुनीता, निर्मला भंडारी, विमला देवी, पूनम रौतेला, धान देवी, आशा बोरा, लीला राठौर, गीता देवी, पुष्पा देवी, निर्मला देवी, गंगा देवी, विमला, दीपा, निर्मला देवी, मीना खनका आदि मौजूद रहे।

# एसएसपी ने ली पुलिस लाइन सभागार में क्राइम मीटिंग



रुद्रपुर। एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने पुलिस लाइन सभागार में क्राइम मीटिंग ली। उन्होंने कहा चोरी, बाइक चोरी, नकबजनी, मोबाइल चोरी की घटनाओं से आम व्यक्ति परेशान रहता है। इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जाए। रविवार को एसएसपी ने कहा पीड़ित को थाना और चौकी का चक्कर बार–बार लगवाया जाएगा तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने गुमशुदा की तलाश करने के लिए सभी प्रभारियों और डीसीआरबी को रिकॉर्ड अपडेट रखने के निर्देश दिए। सीसीटीएनएस में थानों के लिए सूचना समय से अपडेट न करने पर नाराजगी जताते हुए सभी कोतवाली और थाना प्रभारियों को समय से सूचना अपडेट करने के लिए निर्देशित किया। जबकि ट्रैफिक पुलिस को यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने को कहा। इस दौरान उन्होंने सुबह आठ से साढ़े दस तक और शाम को पांच से साढ़े दस बजे तक क्षेत्र की यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। यहां एसपी काशीपुर, एसपी क्राइम, समस्त क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष और अन्य अधिकारी रहे।

**एसएसपी ने किया मॉर्डन फिटनेस सेंटर का उद्घाटन**

रुद्रपुर। पुलिस लाइन में एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने मॉर्डन फिटनेस सेंटर का उद्घघाटन किया। उन्होंने कहा पुलिस विभाग के कर्मियों की फिटनेस पर ध्यान देते हुए मॉर्डन फिटनेस सेंटर को बनाया गया है।

## कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाई

चम्पावत। बाराकोट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैठक का आयोजन किया। इस दौरान आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारियों पर गंभीरता से विचार विमर्श किया।कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष प्रहलाद सिंह अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। विधायक खुशाल सिंह अधिकारी ने कार्यकर्ताओं को तैयारियों में जुटने को कहा। विधायक ने कहा कि भाजपा शासन काल में लोग मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से तंग आ चुके हैं। लोगों ने भाजपा को सबक सिखाने का मन बना लिया है। आगामी लोकसभा चुनाव मं कांग्रेस उत्तराखंड की पांचों सीट में अपना परचम लहराएगी। विधायक अधिकारी ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करने पर जोर दिया।

# चेक बाउंस में आरोपी को छह माह की सजा, ढाई लाख का अर्थदंड

रुद्रपुर। चेक बाउंस के मामले में अपर मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट ने एक आरोपी को छह माह का कारावास और ढाई लाख रूपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड जमा न करने पर आरोपी को दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

सितारगंज रोड निवासी लक्ष्मणदास गोयल ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि 4 अक्तूबर 2017 को राजेंद्र कुमार अग्रवाल उससे दो लाख रुपये उधार मांगे और एक साल में लौटाने की बात कही। कई बार तकाजा करने के बाद राजेंद्र ने 10 जून 2019 को दो लाख रुपये का चेक दिया। चेक बैंक में लगाने पर बाउंस हो गया। पीड़ित ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में 15 जुलाई 2019 को वाद दायर किया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दुर्गा शर्मा ने दोनों पक्षों के साक्ष्यों और गवाहों को सुना। मजिस्ट्रेट दुर्गा ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी राजेंद्र को धारा 138 अधिनियम में दोषी पाने पर छह माह के कठिन कारावास की सजा और ढाई लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने पर दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अर्थदंड की धनराशि में से दो लाख चालीस हजार रुपये परिवादी को प्रतिकर के रूप में देय होगी।

## करंट लगने से महिला की मौत

रुद्रपुर। वार्ड दो में करंट लगने से महिला की मौत हो गई। तहसीलदार ने पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब 11 बजे नगर के वार्ड संख्या दो निवासी नाजिम मलिक की पत्नी जेबा (24) घर में फ्रिज और कूलर का तार लगा रही थी। इस दौरान उसे करंट लग गया। परिजनों के अनुसार एमसीबी गिराकर करंट से बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक जेबा बेसुध होकर गिर पड़ी। इसके बाद वे उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जेबा की मौत से परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव कब्जे में ले लिया और एसडीएम तुषार सैनी को मामले की जानकारी दी।

# महिला से अश्लील हरकत, मारपीट का आरोपी गिरफ्तार



अल्मोड़ा। दन्या निवासी एक महिला ने सोमवार को थाना दन्या में तहरीर दी कि उसके पड़ोसी गोधन सिंह घर में घुस आया और गलत नियत से मेरे से अश्लील हरकतें करने लगा व विरोध करने पर उसके द्वारा मेरे साथ लकड़ी के डंडे से मारपीट कर मुझे घायल कर दिया और वह गाली गलौच कर जान से मारने की धमकियां भी देता रहता है। उक्त तहरीर के आधार पर थाना दन्या में तत्काल एफआईआर पंजीकृत की गई। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु द्वारा महिला अपराध की गंभीरता के दृष्टिगत थानाध्यक्ष दन्या को तत्काल नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष दन्या जसविन्दर सिंह के नेतृत्व में दन्या पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मंगलवार 01 अगस्त को नामजद अभियुक्त गोधन सिंह को उसके गाँव थली, दन्या से गिरफ्तार कर पंजीकृत एफआईआर में आवश्यक कार्यवाही की गई है। गिरफ्तारी पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक प्रकाश नेगी, हैड कांस्टेबल देशराज, होमगार्ड ललित प्रसाद शामिल रहे।

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग बुधवार से

हल्द्वानी। राज्य के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में बुधवार 2 अगस्त से काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। मंगलवार को पहले चरण की काउंसिलिंग के लिए 4477 सीट एलॉट की गईं। छात्रों को काउंसिलिंग के लिए पत्र जारी कर दिए गए हैं।

पहले चरण में सात अगस्त तक छात्रों को आईटीआई में प्रवेश दिए जाएंगे। संयुक्त निदेशक प्रशिक्षण जेएस नेगी ने बताया कि प्रदेशभर के आईटीआई में पहले चरण की काउंसिलिंग के लिए 4477 सीटें एलॉट कर दी गई हैं।

# एलआईसी में कर्मचारियों की नई भर्तियों के लिए होगा संघर्ष



हल्द्वानी। एलआईसी के कर्मचारी, अधिकारी एवं पेंशनर संगठनों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने निगम में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती के लिए संघर्ष का ऐलान किया। फैमिली पेंशन को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत करने की भी मांग उठाई। मंडल कार्यालय में कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान हुई सभा में बीमा कर्मचारी संघ के महामंत्री डीके पांडे ने कहा कि निगम में लगभग 2600 तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की कमी है।प्रथम श्रेणी अधिकारी संगठन अध्यक्ष संजय पाठक ने पेंशन को वेतन पुनर्निर्धारण होने पर अपग्रेड करने, अगस्त 2022 से देय वेतन पुनर्निर्धारण पर शीघ्र वार्ता प्रारंभ करने, एनपीएस में प्रबंधन की भागीदारी को 10 से बढ़ाकर 14 प्रतिशत करने और कर्मचारियों के मेडिक्लेम प्रीमियम से जीएसटी वापस लेने की मांग उठाई। पेंशनर संगठन अध्यक्ष जेके जोशी और भानु प्रकाश उपाध्याय ने कहा कि फैमिली पेंशन सार्वजनिक बैंकों और रिजर्व बैंक में पहले ही 30 प्रतिशत हो चुकी है।

# मोटे अनाज के उत्पादन की जनपद में अपार संभावनाएं: गणेश जोशी



अल्मोड़ा। मंत्री कृषि, कृषक कल्याण, सैनिक कल्याण तथा ग्राम्य विकास विभाग उत्तराखंड सरकार गणेश जोशी ने अल्मोड़ा विकास भवन पहुंचकर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की तथा अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान मंत्री ने जनपद में मोटे अनाज का उत्पादन बढ़ाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने मंडुआ, झंगोरा, गहत, चौलाई जैसी फसलों के उत्पादन पर जोर देते हुए कहा कि यहाँ की परिस्थितियों के अनुसार मोटे अनाज के उत्पादन की जनपद में अपार संभावनाएं हैं, इसलिए अधिकारी इस ओर अधिक ध्यान दें। उन्होंने कहा कि मडुवा के लिए एमएसपी (38.46 रुपए प्रति किलो) के तहत सरकारी खरीद होने से अब यह फसल किसानों के लिए आय भी अर्जित करेगी। समूह की महिलाओं द्वारा मंडुवा खरीद पर 1.5 रुपए प्रति किलो का इंसेंटिव दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष के तौर पर मनाया जा रहा है, इसलिए विभागीय अधिकारी इस ओर अधिक लगन से कार्य करें। उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री गणेश जोशी ने निर्देश दिए कि जिले में सेब के उत्पादन को बढ़ाने पर ध्यान दिया जाए।

## म्यूचुअल फंड बेचने के नाम पर एक लाख चौहत्तर हजार ठगे

रुद्रपुर। मोबाइल एप से म्यूचुअल फंड खरीदने के प्रयास में एक व्यक्ति एक लाख चौहत्तर हजार रुपये की ठगी का शिकार हो गया।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। अशोक कुमार निवासी आवास विकास किच्छा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसने एक मोबाइल ऐप के माध्यम से म्यूचुअल फंद खरीदने का अनुरोध किया था।

# मायके गई महिला के घर में चोरी, चोर गिरफ्तार

अल्मोड़ा। नगर में मायके गई हुई महिला के घर में चोरी हो गई। जिसकी तहरीर महिला ने अल्मोड़ा कोतवाली में दी। तहरीर में महिला ने बताया कि वह अपने मायके गई हुई थी घर पर ताला लगा हुआ था। किसी अज्ञात चोर द्वारा उसके घर का ताला तोड़कर घर के अन्दर से 01 एलईडी टीवी, 01 डैक व 02 स्पीकर व कुछ आर्टिफीसियल जेवर आदि चोरी कर लिये हैं। तहरीर के आधार पर कोतवाली अल्मोड़ा में तत्काल धारा 380/457 भादवि के अन्तर्गत एफआईआर पंजीकृत की गई।





मामले में एसएसपी अल्मोड़ा ने सीओ अल्मोड़ा व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा को शीघ्र घटना का खुलासा कर संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया।

सम्पादकीय

# कुछ और गारंटियां चाहिए

अर्थव्यवस्था का मूल्य बढ़ना और उसके आधार पर विश्व में दर्जा बढ़ना एक सामान्य प्रक्रिया है। इसका श्रेय कोई नेता ले, तो उससे एक अजीबोगरीब संदेश जाता है। बहरहाल, अब प्रधानमंत्री से अपेक्षित है कि वे कुछ अन्य गारंटियां भी दें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनके तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने इसे "मोदी की गारंटी" के रूप में लेने को कहा। 2019 में चुनाव जीतने के बाद मोदी ने अपने मौजूदा कार्यकाल में भारत की पांच ट्रिलियन की इकॉनमी बनाने का लक्ष्य घोषित किया था। लेकिन अब जबकि कार्यकाल अपने समाप्ति की तरफ है, अभी देश की अर्थव्यवस्था चार ट्रिलियन की भी नहीं हुई है। वैसे भी अर्थव्यवस्था का मूल्य बढ़ना और उसके आधार पर विश्व में किसी देश का दर्जा बढ़ना एक सामान्य प्रक्रिया है। इसका श्रेय कोई नेता ले, तो उससे एक अजीबोगरीब संदेश ही जाता है। हकीकत यह है कि आज भी अगर प्रति व्यक्ति जीडीपी के पैमाने पर देखें, भारत का स्थान दुनिया में 128वां है। बहरहाल, चूंकि प्रधानमंत्री ने एक गारंटी दी है, जिसका चुनावी महत्त्व है, तो यह अपेक्षित है कि वे कुछ अन्य गारंटियां भी दें। मसलन, यह कि देश में बढ़ने वाली संपदा का अधिक न्यायोचित वितरण सरकार सुनिश्चित नहीं करती है, तो अर्थव्यवस्था में वृद्धि आम लोगों के लिए बेमतलब ही बनी रहेगी। प्रधानमंत्री से अपेक्षा है कि वे इसके लिए एक विश्वसनीय योजना पेश करें। ऐसा करते हुए उन्हें कुछ खास समस्याओं पर अवश्य ध्यान देना चाहिए। मसलन, इनसानों से सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई करवाना बंद करने की सालों से उठ रही मांगों के बावजूद यह अमानवीय काम आज भी जारी है। कुद मोदी सरकार ने यह संसद में माना है और बताया है कि इसमें हर साल कई लोगों की जान जा रही है। लोकसभा के चालू सत्र में ही सरकार ने बताया है कि पिछले पांच सालों में सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई करने के दौरान पूरे देश में 339 लोगों की मौत के मामले दर्ज किये गए। इसका मतलब है इस काम को करने में हर साल औसतन 67.8 व्यक्तियों की जान गई। कानून के मुताबिक सफाई एजेंसियों के लिए सफाई कर्मचारियों को सुरक्षात्मक उपकरण देना अनिवार्य है, लेकिन एजेंसियां अक्सर ऐसा करती नहीं हैं। क्या इस स्थिति के रहते तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने से देश का गौरव सचमुच बढ़ सकेगा?

# वे दिन थे अच्छे जब

**'अच्छा' था तब जब भाजपा में भी वाजपेयी बनाम आडवाणी, डॉ. स्वामी बनाम वाजपेयी, उदारवादी बनाम हार्डकोर, विजय कुमार मल्होत्रा–सहानी–खुराना–सिकंदर बख्त बनाम अरूण जेटली, विजय गोयल की नई पीढी की खींचतान थी। झगड़े, प्रतिस्पर्धा की राजनीति थी। तब भाजपा में गुलामी नहीं थी। नेताओं को सांप सूंघा नहीं रहता था। मोदी व शाह जैसों की न भक्ति थी और न खौफ था। तब भाजपा, जिंदादिल मर्दों की, गांधीवादी समाजवाद बनाम हिंदू राजनीति जैसे दिखावे के ही सही ही, मतभेद लिए हुए होती थी।पत्रकारिता, मीडिया, अदालतों, अफसरशाही के तब के अच्छे दिनों की याद कराऊंगा तो किताब लिख जाएगी। इसलिए नई दिल्ली की धडक़ती जिंदगी की तब की तस्वीरों को ही कुछ याद करें। बोट क्लब पर तब रैलियां होती थी। रामलीला मैदान विरोध की आवाजों से गूंजा करता था। जिस प्रगति मैदान को प्रधानमंत्री मोदी ने नए पत्थरों से अभी सजाया है उसमें चित्रकलाओं का वैश्विक लेवल का त्रिनाले हुआ करता था।**

**हरिशंकर व्यास**

पूछ सकते हैं भारत में अच्छे दिन कब थे? तब जब वक्त बिना जलवायु परिवर्तन के था। मौसम की ऊंच–नीच ढर्रे में थी। संसद सत्र में अटल बिहारी वाजपेयी के भाषण होते थे, बहस होती थी। लोकसभा में जाट स्पीकर बलराम जाखड़ भी वाजपेजी, आडवाणी, इंद्रजीत गुप्ता, मधु दंडवते सबको बोलने देते थे। सांसद के माइक की आवाज तब गुल नहीं हुआ करती थी! 1983 में जब असम मध्य के 14 गांवों का नेल्ली नरसंहार हुआ था तो पूरे देश ने तत्काल खबर जानी थी। मीडिया ने फट-ाफट रिपोर्टिंग की थी। भारत की संसद के दोनों सदनों ने बाकी काम छोड़ कर उस त्रासदी पर बहस की। अपना क्षोभ प्रगट किया। दोनों सदनों के सदस्यों ने मृतकों के प्रति संवेदना प्रगट करते हुए मौन रखा। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आलोचना सुन घटनाक्रम पर अपना भी क्षोभ जाहिर किया।

ध्यान रहे असम की उस घटना के आगे मणिपुर की ताजा घटना प्रदेश–समाज विभाजन है। मणिपुर अब इतना विभाजित है कि खुद भारत सरकार को महिला के सामूहिक बलात्कार, नंगी महिलाओं के जुलूस के मुकदमें की सही सुनवाई के लिए असम में मुकदमें की सुप्रीम कोर्ट से अनुमति मांगनी पड़ रही है। प्रदेश में दोनों समुदाय एक–दूसरे के जानी दुश्मन बन गए हैं। उसकी वैश्विक चर्चा है। लेकिन संसद, सरकार और प्रधानमंत्री मृतकों के लिए दो मिनट का मौन तो दूर बहस तक से कन्नी काटे हुए हैं। उलटे इस पर चुनाव के वोट पकाने की राजनीति है।

'अच्छा' था तब जब भाजपा में भी वाजपेयी बनाम आडवाणी, डॉ. स्वामी बनाम वाजपेयी, उदारवादी बनाम हार्डकोर, विजय कुमार मल्होत्रा–सहानी–खुराना–सिकंदर बख्त बनाम अरूण जेटली, विजय गोयल की नई पीढी की खींचतान थी। झगड़े, प्रतिस्पर्धा की राजनीति थी। तब भाजपा में गुलामी नहीं थी। नेताओं को सांप सूंघा नहीं रहता था। मोदी व शाह जैसों की न भक्ति थी और न खौफ था। तब भाजपा, जिंदादिल मर्दों की, गांधीवादी समाजवाद बनाम हिंदू राजनीति जैसे दिखावे के ही सही ही, मतभेद लिए हुए होती थी।

पत्रकारिता, मीडिया, अदालतों, अफसरशाही के तब के अच्छे दिनों की याद कराऊंगा तो किताब लिख जाएगी। इसलिए नई दिल्ली की धडक़ती जिंदगी की तब की तस्वीरों को ही कुछ याद करें। बोट क्लब पर तब रैलियां होती थी। रामलीला मैदान विरोध की आवाजों से गूंजा करता था। जिस प्रगति मैदान को प्रधानमंत्री मोदी ने नए पत्थरों से अभी सजाया है उसमें चित्रकलाओं का वैश्विक लेवल का त्रिनाले हुआ करता था। नाटक होते थे। फिल्मों के शो हुआ करते थे थीम विशेष पर। बंगाली मार्केट का पूरा चौराहा संगीत, नाटक, साहित्य–संस्कृति के इंद्रधनुषों–विविधतओं को देखने–सुनने और मजा लेने का सेंटर प्वांइट हुआ करता था।तब कला थी। ज्ञान था। बुद्धि थी। साहित्य था। वह राजनीति थी, जिससे जनता का धडक़ता जुड़ाव था। जनता से, उनके सरोकारों से और संवेदनाओं की राजनीति थी न कि भगवान और भक्ति का गंवारपना। संसद भवन के केंद्र से फैली सभी सडक़ों पर स्थित सांसदों के घरों में तब लोगों का जमावड़ा लगा रहता था। लोगों के काम होते थे। जन प्रतिनिधि अपने–अपने इलाके के लोगों के काम लेकर अफसरों, मंत्रियों के यहां जाया करते थे। वे काम करते थे, काम कराते थे और लोकतंत्र तब बाबूतंत्र नहीं था जैसा की आज है और जिसकी हकीकत में भाजपा का सांसद अपने इलाकों में जनता के बीच यह कहते हुए मुंह चुराए होता है कि मेरी तो कुछ चलती ही नहीं।

तभी सब 'अच्छा' खत्म है! पहले रेहड़ी वाले के लिए भी अधिकार के कानून बनते थे। बेरोजगारों के लिए मनरेगा कानून बना। नागरिक की सूचना के अधिकार का कानून बना। गरीब के नाम पर बैंकों का राष्ट्रीयकरण हुआ तो नरसिंह राव ने तो पूरे मध्य वर्ग के लिए, देश के लिए सुधारों का पिटारा खोल दिया था। हर रेल बजट तब सफर किराए तथा भाड़े की जवाबदेही लिए होता था। आलू–प्याज के दाम बढ़ते थे या हवाई जहाज का किराया बढ़ता था तो संसद में हंगामा बरप पड़ता था। और अब?

# बाइडन की चीन से दो टूक

**श्रुति व्यास**

जो बाइडन ने साफ़ कर दिया है कि अमेरिका एक विश्व शक्ति है और रहेगा। और व्यवहार भी एक विश्व शक्ति जैसे करेगा। उन्होंने 28 जुलाई को घोषणा की कि जिस तरह अमेरिका अपने जखीरे से यूक्रेन को हथियार दे रहा है, उसी तरह ताईवान को भी देगा।चीन को यह भारी झटका है। स्वभाविक जो दुनिया में सनसनी है और चीन अपना आपा खो बैठा है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने ताईवान को हथियार दिए जाने की घोषणा की आलोचना करते हुए उसे 'दुर्भावनापूर्ण' बताया। कहा कि इससे ताईवान स्ट्रेट में शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा हो गया है। चीन ने चेताया कि इससे चीन और अमरीका के सैन्य संबंध में जोखिम और बढ़ जायेगा।

इसके उलट, अमेरिका का कहना है कि इससे ताईवान स्ट्रेट में शांति बनी रहेगी। ताइवान को हथियार देने से ताईवान स्ट्रेट में लड़ाई छिड़ने की सम्भावना कम हो जाएगी। अमेरिकी खुफिया सूत्रों को मिली जानकारी के मुताबिक शी जिनपिंग ने देश की सेना को सन् 2027 तक ताईवान पर कब्जा करने के लिए तैयार रहने का हुक्म दिया है।

रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद से ताईवान भी अमेरिका के लिए चिंता का सबब बन गया है। चीन ताईवान को अपना हिस्सा मानता है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने साफ़ कर दिया है कि चीन ताईवान पर कब्जा कर के रहेगा और इसके लिए यदि ताकत का इस्तेमाल करना पड़ा तो वह भी करेगा। शी ने जोर देकर कहा कि ताईवान के अनसुलझे मसले को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक ट्रान्सफर करने का सिलसिला ख़त्म होना चाहिए। ताईवान, जो सन् 1949 में गृहयुद्ध के दौरान चीन से अलग हुआ था, स्वयं को लोकतांत्रिक स्व–शासित राष्ट्र कहता है। लेकिन चीन का नजरिया अलग है। चीन के पूर्व विदेशमंत्री क्नि गैंग, जो अब लापता हैं, ने इस साल के शुरू में कहा था कि ताईवान स्ट्रेट के दोनों ओर की ज़मीन चीन की है और जो "ताईवान की आग से खेल रहे हैं वे उसमें अपनी अंगुलियां जलाएंगे"।चीन अपना दबदबा बनाए रखने के लिए ताईवान स्ट्रेट में और ताईवान के आकाश में लगातार और बार–बार सैनिक अभ्यास करता रहता है। पिछले साल अमेरिका के हाउस ऑफ रिप्रेजेन्टेटिव्स की तत्कालीन स्पीकर नैन्सी पैलोसी की बहुचर्चित ताईवान यात्रा के बाद चीन ने ताईवान के आसपास के इलाके की ओर कई मिसाईलें छोड़ीं थीं। अमेरिका चीन पर कई बार यह आरोप लगा चुका है कि चीन उसके हवाईजहाजों और पानी के जहाजों के आसपास खतरनाक युद्धाभ्यास करता रहता है जिससे जहाजों उया हवाईजहाजों में आपस में टक्कर होने और नतीजे में दोनों महाशक्तियों की भिड़ंत का खतरा बढ़ता है। चीन ने अमेरिका पर आरोप लगाया है कि उसने ताईवान को अरबों डालर के हथियार बेचने का वायदा कर उसे बारूद के ढेर पर बिठा दिया है।



**अमेरिका ने जिस पैकेज की घोषणा की है उसमें 34.50 करोड़ डालर के हथियार और गोला बारूद के साथ ही सैन्य शिक्षण और ट्रेनिंग भी शामिल हैं। सैन्य सहायता की राशि और बढ़ सकती है क्योंकि अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड आस्टिन ने कहा है कि उनका इरादा कांग्रेस द्वारा मंजूर की गयी एक अरब डालर की पूरी राशि का उपयोग 30 सितंबर को वित्त वर्ष समाप्त होने के पहले करने का है।**

**इस नए घटनाक्रम ने पहले से किए जा रही कोशिशों पर पानी फेर दिया है। एक ओर बाइडन प्रशासन अपने वरिष्ठ आधिकारिक और गैर–आधिकारिक प्रतिनिधियों को चीन भेजकर दोनों देशों के बीच का तनाव कम करने का प्रयास कर रहा है वहीं दूसरी ओर ड्रेगन को उसी के पिछवाड़े में चुनौती देकर भडक़ा रहा है। यूक्रेन को भी लगातार सैन्य सहायता की जरूरत है।**

अमेरिका ने जिस पैकेज की घोषणा की है उसमें 34.50 करोड़ डालर के हथियार और गोला बारूद के साथ ही सैन्य शिक्षण और ट्रेनिंग भी शामिल हैं। सैन्य सहायता की राशि और बढ़ सकती है क्योंकि अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड आस्टिन ने कहा है कि उनका इरादा कांग्रेस द्वारा मंजूर की गयी एक अरब डालर की पूरी राशि का उपयोग 30 सितंबर को वित्त वर्ष समाप्त होने के पहले करने का है। इस नए घटनाक्रम ने पहले से किए जा रही कोशिशों पर पानी फेर दिया है। एक ओर बाइडन प्रशासन अपने वरिष्ठ आधिकारिक और गैर–आधिकारिक प्रतिनिधियों को चीन भेजकर दोनों देशों के बीच का तनाव कम करने का प्रयास कर रहा है वहीं दूसरी ओर ड्रेगन को उसी के पिछव-ाड़े में चुनौती देकर भडक़ा रहा है। यूक्रेन को भी लगातार सैन्य सहायता की जरूरत है। हाल के दिनों में रूस यूक्रेन पर जम कर बमबारी कर रहा है। ओडेसा पर हमलों की लहर के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने दुनिया के देशों से अनुरोध किया है कि यूक्रेन के लिए "आकाश में सुरक्षा छतरी" की व्यवस्था की जाए।"हमें अपने पूरे देश, सभी शहरों और सभी लोगों के लिए और अधिक एयर डिफेन्स सिस्टम्स की ज़रुरत है। दुनिया को रूसी आतंक का अभ्यस्त नहीं हो जाना चाहिए", उन्होंने टेलीग्राम पर लिखा।

राष्ट्रपति बाइडन एक साथ हंसने और गाल फुलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि यूक्रेन को सैन्य सहायता देकर और रूस को पीछे हटने को मजबूर कर वे न केवल यूक्रेन की मदद कर रहे हैं वरन् इससे चीन भी ताइवान पर हमलावर होने से पहले दस बार सोचने पर मजबूर हो जायेगा।

यूक्रेन और ताईवान को दी जा रही इस सहायता से अमरीका के खजाने पर बहुत बोझ पड़ रहा है। पेंटागन का कहना है कि ताईवान पैकेज से यूक्रेन को दी जा रही मदद पर कोई असर नहीं पड़ेगा और वह जारी रहेगी। पहले ही ताईवान द्वारा आर्डर किये गए 14 अरब डालर के हथियार, जिनमें टैंकरोधी जेवलिन मिसाइल और विमानरोधी स्टिंगर मिसाइल शामिल हैं, की सप्लाई अभी बाकी है। इन दोनों की बड़ी मात्रा यूक्रेन को दी जानी है। बाइडन की यह नीति कुछ समय के लिए कारगर हो भी सकती है। अमरीका की आंतरिक राजनीति के चलते बाइडन अभी तो एक साथ हँसना और गाल फुलाना जारी रख सकते हैं। लेकिन जैसे–जैसे अमरीका में चुनाव की गहमा–गहमी बढेगी, अनिश्चितता भी बढती जाएगी। बाइडन के बारे में यह माना जाता है कि वे चीन के प्रति कम सख्त हैं और रिपब्लिकन इसके लिए उनकी आलोचना करते हैं। हो सकता है कि ताईवान को यह नया पैकेज देने की घोषणा से बाईडन का समर्थन कुछ बढे। लेकिन एक बात पक्की होती जा रही है झ्र और वह यह कि चीन और अमरीका का टकराव आने वाले दिनों में बढेगा।

# मणिपुर की व्यथा–कथा



**विपक्षी गठबंधन इंडिया के प्रतिनिधिमंडल की मणिपुर यात्रा से यह बात फिर सामने आई है कि यह राज्य किस तरह एक गृह युद्ध जैसी हालत में जी रहा है। जहां दो समुदायों के बीच अविश्वास और द्रोह का भाव इतना गहरा जाए कि लोग एक दूसरे से बचने के लिए बंकर बनाने लगें, तो इससे अधिक चिंता और परेशानी की बात और क्या हो सकती है?**

विपक्षी नेता अनेक गंभीर प्रश्न लेकर मणिपुर से लौटेंगे और संसद में सरकार के सामने रखेंगे। सरकार से अपेक्षा यह है कि वह इन प्रश्नों का माकूल जवाब दे, ताकि मणिपुर और बाकी देश में भी फिर से भरोसे का माहौल बन सके।

विपक्षी गठबंधन इंडिया के प्रतिनिधिमंडल की मणिपुर यात्रा से यह बात फिर सामने आई है कि यह राज्य किस तरह एक गृह युद्ध जैसी हालत में जी रहा है। जहां दो समुदायों के बीच अविश्वास और द्रोह का भाव इतना गहरा जाए कि लोग एक दूसरे से बचने के लिए बंकर बनाने लगें, तो इससे अधिक चिंता और परेशानी की बात और क्या हो सकती है? इसके अलावा राहत शिविरों में रहने वाले लोगों की अपनी व्यथा है, जिनकी पूरी जिंदगी एक तरह से तबाही के कगार पर पहुंच गई है। बच्चों की शिक्षा और आम जन की रोजी–रोटी के साधन उनसे दूर हो गए हैं। मणिपुर की यह व्यथा–कथा इसके पहले तब सामने आई थी, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वहां का दौरा किया था। हाल में दो महिलाओं की नग्न परेड कराने का वीडियो सामने आने के बाद राष्ट्रीय मीडिया का ध्यान भी इस राज्य में बदतर होती स्थिति की तरफ गया है। उनसे मैतेई और कुकी समुदाय के राहत शिविरों में सुविधाओं के भारी अंतर की कहानियां भी अब लगातार सामने आ रही हैं।

उनकी रिपोर्टों से भी यही सामने आता है कि मणिपुर ऐसे संकट में है, जैसा इसके पहले भारत में शायद ही कहीं हुआ होगा। अगर वहां गए विपक्षी नेताओं ने यह आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार की लापरवाही और राज्य सरकार की मिलीभगत से स्थिति इस हद तक पहुंची है, तो उसे निराधार नहीं कहा जा सकता। बल्कि जनमत का एक बड़ा हिस्सा इस आरोप को गंभीरता से लेगा। यह आम समझ है कि किसी भी स्थान पर दंगे या सामुदायिक टकराव हो सकते हैं, लेकिन ये महीनों तक खिंचते नहीं रह सकते– अगर सचमुच प्रशासन निष्पक्षता और कुशलता से उसे रोकने के प्रयास में जुटा हुआ हो। जाहिर है, विपक्षी नेता अनेक गंभीर प्रश्न लेकर मणिपुर से लौटेंगे और लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान सरकार के सामने रखेंगे। सरकार से अपेक्षा यह है कि वह विपक्षी राज्यों को निशाना बनाने की रणनीति के बजाय इन प्रश्नों का माकूल जवाब दे, ताकि मणिपुर और बाकी देश में भी फिर से भरोसे का माहौल बन सके।

# क्या काम से आपका भी भटक जाता है ध्यान...ये 5 टिप्स आएंगे आपके बहुत काम



इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में शारीरिक स्वास्थ्य के साथ–साथ मानसिक स्वास्थ्य भी काफी प्रभावित होता है. 9 टू 6 ऑफिस, खराब खानपान, खराब दिनचर्या के चलते हमारा फोकस डांवाडोल होता जा रहा है.इसके अलावा और भी कई कारण जिम्मेदार हैं.काम कुछ और होता है और हमारा ध्यान कहीं और रहता है. पढ़ाई करने वालों से लेकर कामकाजी लोग तक सब डिस्ट्रेक्शन के शिकार होते हैं.अगर आपके साथ भी ऐसा होता है. आप भी काम करते वक्त डिस्ट्रेक्ट हो जाते हैं. तो आप इन टिप्स की मदद से इससे डील कर सकते हैं...

**डिस्ट्रेक्शन से डील करने के टिप्स** 1.डिस्ट्रेक्शन से डील करने के लिए किसी भी काम को करने से पहले 1 दिन पहले ही सारी योजनाएं तैयार कर लें, ताकि आप को ये सोचते हुए पूरा दिन ना चला जाए कि काम को कैसे करना है.

2.मोबाइल फोन और सोशल मीडिया से दूरी बनाना भी जरूरी है.कई बार सोशल मीडिया स्क्रॉल करने से आपका ध्यान भटक जाता और आपका फोकस काम पे नहीं रह पाता.ईमेल चेक करने, फोन कॉल करने या सोशल मीडिया फीड पढ़ने से पहले अपने कामों का खत्म करने का लक्ष्य बनाएं ऐसा करने से आप बिना डिस्ट्रेक्शन किसी भी काम को समय पर पूरा कर पाएंगे.

3.आप मेडिटेशन का भी सहारा ले सकते हैं.मेडिटेशन आपके दिमाग को शांति देता है. दिमाग में आने वाले ख्यालों को छोड़ आपको एक चीज पर फोकस करने की अनुमति देता है. ये चिंता, तनाव, डिप्रेशन जैसी किसी भी मानसिक गड़बड़ी को दूर करता है.

4.7 से 8 घंटे की क्वलिटी नींद लेना शुरु कर दें. अगर आप कम नींद लेते हैं तो इससे भी आपको ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होती है. नींद से शरीर को एनर्जी मिलती है. यह एक तरह की हीलिंग प्रोसेस है. इससे मेमोरी बूस्ट होता है.इसकी कमी के कारण काम की स्पीड कम होती है. काम में मन कम लगता है. हर वक्त आपको आलस महसूस होता है.

5.मल्टी टास्किंग होने से बचें. एक बार में एक काम करने से आपको जरूरी काम पर फोकस करने में मदद मिलती है और आपके काम की प्रोडक्टिविटी भी अच्छी होती है. ऐसा करने से आप अपने लक्ष्य को आराम से प्राप्त कर सकते हैं.अगर आप बार बार एक काम से दूसरे काम पर स्विच करते हैं तो इससे आप कोई भी काम ठीक तरह से नहीं कर पाएंगे.

6.काम के बीच में ब्रेक लेने से भी आप डिस्ट्रेक्शन से डील कर सकते हैं. अगर आप लगातार काम करते रहेंगे तो ऐसे आपको अधिक थकान महसूस होगी, जिस वजह से आप लंबे वक्त तक अपने काम पर फोकस नहीं रख पाएंगे. बिना ब्रेक लिए काम करने से फोकस कम हो जाता है. ऐसे में कोशिश करें कि नियमित रूप से ब्रेक लेते रहें.

# सरकार की तरह नड्डा का संगठन



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने कार्यकाल का विस्तार होने के छह महीने बाद अपने संगठन का ऐलान किया। उन्होंने संगठन में ज्यादा बदलाव नहीं किए। ज्यादातर पदाधिकारियों को उन्होंने बनाए रखा है। थोड़े से नए चेहरे संगठन में शामिल किए गए हैं। उनके 38 लोगों के संगठन को देख कर लग रहा है कि जिस तरह नरेंद्र मोदी की सरकार में पिछड़े, दलित और आदिवासी को महत्व दिया गया है वैसे ही नड्डा के संगठन में भी है। यह एक तरह से भाजपा की राजनीति में हो रहे स्थायी बदलाव का संकेत है।

ध्यान रहे कुछ समय पहले तक कहा जा रहा था कि भाजपा ब्राह्मणों और बनियों की पार्टी है। लेकिन अब यह धारणा बदल रही है। बनियों को भाजपा में अब भी प्रमुखता मिल रही है लेकिन ब्राह्मण और दूसरी अगड़ी जातियों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने जुलाई 2021 में जब अपनी सरकार में फेरबदल की थी तब उन्होंने संसद में अपनी नई टीम का परिचय कराते हुए बड़े गर्व से कहा कि उनकी सरकार में पिछड़ी जाति के कितने लोग मंत्री बनाए गए हैं। भाजपा ने इतिहास बनाने का दावा किया। खुद प्रधानमंत्री कई बार कह चुके हैं कि वे पिछड़ी जाति से आते हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा खुद ब्राह्मण हैं लेकिन उनकी 38 लोगों की टीम में मुश्किल से पांच ब्राह्मण चेहरे हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि नड्डा ने अपनी टीम में नौ महामंत्री बनाए हैं, जिनमें से कोई ब्राह्मण नहीं है। नौ महामंत्रियों में तीन वैश्य समुदाय के हैं। कैलाश विजयवर्गीय और सुनील बंसल पहले से नड्डा की टीम में काम कर रहे थे तीसरे वैश्य नेता के तौर पर राधामोहन अग्रवाल को शामिल किया गया है, जो तीन बार गोरखपुर से विधायक रहे थे। उन्होंने योगी आदित्यनाथ के लिए अपनी सीट छोड़ी थी। बदले में उनको राज्यसभा भेजा गया है और अब राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया है।

वैश्य समाज के ही राजेश अग्रवाल को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बनाए रखा गया है और सह कोषाध्यक्ष भी उसी समाज के नरेश बंसल को बनाया गया है। दो–तीन ब्राह्मण नेताओं को उपाध्यक्ष बनाया गया है लेकिन सबको पता है कि उपाध्यक्षों के पास ज्यादा काम नहीं होते हैं। संगठन में ज्यादा जिम्मेदारी का काम महामंत्री ही निभाते हैं। बहरहाल, सरकार और संगठन में अन्य पिछड़ी जातियों का प्रतिनिधित्व बढ़ा कर भाजपा ने नई सोशल इंजीनियरिंग का संकेत दिया है। असल में विपक्षी पार्टियों का गठबंधन 'इंडिया' जातीय जनगणना, सामाजिक न्याय और आरक्षण के मसले पर राजनीति कर रहा है। कई राज्यों में यह राजनीति भाजपा के लिए मुश्किल पैदा कर सकती है। इसलिए भाजपा मंडल की राजनीति को अपना रही है।

# नूंह हिंसा पर राहुल गांधी ने भाजपा पर कसा जोरदार तंज, अब तक पांच की मौत

**नूंह, एजेंसी।** हरियाणा के नूंह में सोमवार को ब्रजमंडल 84 कोस शोभायात्रा पर पथराव और फायरिंग के बाद हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। पत्थरबाजी, गोलीबारी और आगजनी में दो होम गार्ड के जवानों की मौत हो गई है। गुरुग्राम में भी धार्मिक स्थल पर हमला हुआ है, इसमें एक की मौत हो गई है। नूंह हिंसा में डीएसपी समेत 12 पुलिस कर्मचारी घायल हैं। इसके अलावा 20 से अधिक आम लोग घायल हैं। इंटरनेट सेवा को बुधवार तक बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही जिले की सीमाएं भी सील कर दी गई हैं। पढ़ें ताजा अपडेट्स

हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा को लेकर अब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भाजपा को निशाने पर लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी और उसके साथ खड़ी ताकतों ने पूरे देश में नफरत का केरोसिन फैला दिया है। सिर्फ मोहब्बत ही देश में लगी आग को बुझा सकती है।

नूंह में सांप्रदायिक हिंसा के बाद गुरुग्राम समेत कई जिलों में



हालात बिगड़ गए। जिसके बाद अब गुरुग्राम के डीसी निशांत यादव ने जानकारी देते हुए कहा कि यहां कानून–व्यवस्था सामान्य है। बीते दिन नूंह में जो कुछ हुआ। उसका असर सोहना पर भी पड़ा है। हालांकि, शाम तक स्थिति पर काबू पा लिया गया। स्थिति अब शांतिपूर्ण है।

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर नूंह हिंसा को लेकर कहा कि नूंह में हुई सांप्रदायिक हिंसा बहुत परेशान करने वाली है। मणिपुर के बाद हरिणाया में इस तरह की हिंसा का संकेत अच्छा नहीं है। मैं हरियाणा की समस्त जनता से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं। ऐसे नाजुक वक्त में हम शांति और आपसी भाईचार कायम रखें। अमन विरोधी ताकतों के खिलाफ हम सभी को मिलकर काम करना होगा।

हरियाणा के सीएम ने आगे कहा कि उपद्रवियों ने पुलिस पर भी आक्रमण किया और उस यात्रा को भंग करने का प्रयास किया। गाड़ियों को आग लगाई गई और आगजनी की घटना कुछ स्थानों पर सामने आई है। फिलहाल नूंह समेत सभी जगह स्थिति सामान्य है। अभी तक कई एफआईआर दर्ज की गई हैं, कुल 70 लोगों को अभी तक हिरासत में लिया गया है। कुल पांच लोग की मौत की अभी तक सूचना है, जिनमें दो पुलिसकर्मी और तीन आम नागरिक हैं। नूंह से बाहर के लोग जो इस घटना में शामिल थे उनकी पहचान की जा रही है। किसी भी उपद्रवी को बख्शा नहीं जाएगा। सभी नागरिकों से अपील कि शांति बहाली के लिए आगे आए। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नूंह में उत्पन्न हुई स्थिति पर बैठक की। उन्होंने कहा कि नूंह में जो कुछ भी हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण है, घटना का पता लगते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और प्रशासन को तुरंत भेजा गया। एक सामाजिक यात्रा जो हर वर्ष निकलती है जिसके ऊपर कुछ लोगों ने आक्रमण किया। पुलिस को भी निशाना बनाया गया। सुनियोजित और षडयंत्र पूर्ण तरीके से यात्रा को भंग किया गया, जो बड़ी साजिश की तरफ इशारा करती है। हरियाणा सरकार के आग्रह पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मेवात की कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उसके बाद वहां पर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की बीस कंपनियों को भेजा गया है। इनमें सीआरपीएफ की चार कंपनियां, जिनमें दो महिला कंपनी भी शामिल हैं, भेजी गई हैं। इसके अलावा रेपिड एक्शन फोर्स की 12 कंपनियां तैनात की गई हैं। बीएसएफ और आईटीबीपी की दो–दो कंपनियां लगाई गई हैं। अभी तक इन कंपनियों को छह अगस्त तक मेवात में तैनात रहने का आदेश मिला है। मुख्यमंत्री मनोहरलाल और गृह मंत्री अनिल विज की बैठक चल रही है। बैठक में कई अधिकारी मौजूद हैं। इसके अलवा कई अधिकारी वर्चुली जुड़े हैं। नूंह हिंसा पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आवास पर बैठक चल रही है।

नूंह हिंसा के बाद सोनीपत पुलिस–प्रशासन अलर्ट पर है। जिले में धारा–144 लागू कर दी गई है। सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों के एकत्रित होने पर रोक लगा दी गई है। चार से अधिक लोग एक साथ एकत्रित नहीं हो सकेंगे। डीसीपी हेडक्वार्टर वीरेंद्र सिंह ने आदेश जारी किए हैं।

सोहना में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैछक में दोनों पक्षों ने शांति और सद्भाव बनाने का आश्वासन दिया। डीसी निशांत कुमार यादव ने पीस कमेटी में पहुंचे लोगों से क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द बनाने की अपील की। डीसी ने कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें, सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। सोहना के विधायक संजय सिंह, पूर्व विधायक तेजपाल तंवर सहित बैठक में समाज के मौजिज लोग शामिल हुए। बैठक के बाद सोहना में फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। सोहना में हालात सामान्य है। थोड़ी देर में बाजार खुल जाएंगे। नूंह के जिला उपायुक्त प्रशांत पवार और एसपी नरेंद्र सिंह बिजारणिया की अध्यक्षता में शांति वार्ता की बैठक संपन्न हुई। शहर के मौजिज लोगों ने आश्वस्त किया कि हिंसा को नहीं बढ़ने देंगे, शांति व्यवस्था बनाए रखने में पूरा सहयोग करेंगे। एसपी ने आरोपियों की पहचान करने में मदद करने की शांति कमेटी के सदस्यों से अपील की है। एसपी नूंह ने बताया कि अब तक इस मामले में 16 एफआ-ईआर दर्ज हुई हैं। लगभग 60 लोगों के घायल होने की सूचना है। इनमें से तीन गंभीर रूप से घायल हैं। जिले में अर्धसैनिक बलों की 20 कंपनियां और हरियाणा पुलिस बल की भी 20 कंपनियां तैनात हैं। उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि जारी आदेशों का पालन करें और कोई भी व्यक्ति कानून हाथ में ना लें।

## संयुक्त राष्ट्र व सुरक्षा परिषद के नेताओं ने पाक में आत्मघाती हमले की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र ,एजेंसी।** सुरक्षा परिषद और संयुक्त राष्ट्र के नेताओं ने पाकिस्तान में जमीयत उलेमा इस्लाम–फजल (जेयूआई–एफ) कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में आत्मघाती विस्फोट की निंदा की और आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान किया। घटना में 54 लोगों की जान चली गई थी। ध्रुवीकृत परिषद ने एकता दिखाते हुए सोमवार को एक प्रेस बयान जारी कर खैबर पख्तूनख्वा के बाजौर में रविवार को हुए जघन्य और कायरतापूर्ण आत्मघाती आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। परिषद ने एक बयान में कहा, सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने आतंकवाद के इन निंदनीय कृत्यों के अपराधियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराने और उन्हें न्याय के दायरे में लाने की आवश्यकता को रेखांकित किया। महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और महासभा के अध्यक्ष सीसाबा कोरोसी ने भी हमले की निंदा की। कोरोसी ने कहा, मैं अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवाद के संकट से निपटने और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के अपने प्रयासों को मजबूत करने का आग्रह करता हूं।

महासचिव के प्रवक्ता फरहान हक ने कहा कि गुटेरेस पाकिस्तानी अधिकारियों से जिम्मेदार लोगों को न्याय के दायरे में लाने का आह्वान करते हैं और आतंकवाद के सभी उदाहरणों और नागरिकों के खिलाफ जानबूझकर लक्षित हमलों की निंदा करते हैं।

## उच्च न्यायालय ने एमएलसी नामांकन वापस मसले पर महाराष्ट्र सरकार से मांगा जवाब

**मुंबई ,(एजेंसी)।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के पांच सितंबर 2022 को महा विकास अघाड़ी द्वारा अनुशंसित 12 एमएलसी नामांकन वापस लेने के फैसले को लेकर दायर जनहित याचिका पर महाराष्ट्र सरकार से 10 दिन के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है। राज्यपाल द्वारा मनोनीत किए जाने वाले विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) के 12 पद करीब तीन साल से रिक्त हैं। राज्य सरकार की ओर से पेश महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ ने न्यायालय को बताया कि अभी तक 12 एमएलसी पदों के लिए राज्यपाल के समक्ष कोई नयी अनुशंसा नहीं आयी है। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2020 में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार ने 12 एमएलसी नामांकन की अनुशंसा की थी। मामले की अगली सुनवाई 21 अगस्त को होगी।

## पंजाब में कई स्थानों पर एनआईए की रेड, जालंधर में तडक़े तीन बजे पूर्व सरपंच के घर मारा छापा

**चंडीगढ़ ,(एजेंसी)।** पंजाब के जालंधर समेत कई स्थानों पर एनआईए ने आज सुबह रेड की। जालंधर के डल्लेवाल के लवशिन्द्र सिंह के घर पर छापेमारी की गई। लवशिंद्र सिंह सिख स्टूडेंट फेडरेशन से सम्बंधित है। एनआईए ने एक संदिग्ध फोन कॉल को लेकर छापेमारी की। टीम ने जालंधर में दो जगहों पर छापेमारी की है।

दूसरी छापेमारी किशनगढ़ के पास स्थित गांव दौलतपुर में पूर्व सरपंच के घर हुई। एनआईए की टीम ने तडक़े तीन बजे अकाली दल के एक पूर्व सरपंच के घर दबिश दी। मलकीत सिंह दौलतपुर अकाली दल का नेता है। इस दौरान इलाके को सील कर दिया गया। किसी को न घर से बाहर आने दिया जा रहा है और न ही अंदर जाने दिया जा रहा है।

वहीं, मोगा के निहाल सिंह वाला के गांव धूरकोट रणसीह कलां में भी एनआईए की रेड हुई है। जानकारी के मुताबिक टीम सुबह करीब पांच धूरकोट रणसीह कलां के रहने वाले जसविंदर सिंह और उसके भाई सतनाम सिंह के घर पहुंची।

## चंद्रयान –3 : ट्रांसलूनर कक्षा में सफल प्रवेश, अगला पड़ाव चंद्रमा

**चेन्नई ,(एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को चंद्रमा पर जाने वाले अंतरिक्ष यान चंद्रयान 3 को ट्रांसलूनर कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया। इसरो ने ट्वीट किया, चंद्रयान–3 पृथ्वी के चारों ओर अपनी परिक्रमा पूरी कर ली और चंद्रमा की ओर बढ़ गया है। आईएसटीआरएसी में एक सफल पेरिगी–फायरिंग की गई, इसरो ने अंतरिक्ष यान को ट्रांसलूनर कक्षा में स्थापित कर दिया है। अगला पड़ाव : चंद्रमा। चंद्रयान –ऑर्बिट इंसर्शन (एलओआई) की योजना 5 अगस्त, 2023 को चंद्रमा पर पहुंचाने की है।

ट्रांसलूनर ऑर्बिट इंजेक्शन वह प्रक्रिया है, जिसके तहत चंद्रमा की ओर जाने वाले अंतरिक्ष यान को एक प्रक्षेप पथ में डाल दिया जाता है, ताकि वह चंद्रमा तक पहुंच सके। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि वह 5 अगस्त, 2023 को एलओआई प्रक्रिया को अंजाम देगी। चंद्रयान–3 अंतरिक्ष यान को भारत के हेवी लिफ्ट रॉकेट एलवीएम3 द्वारा कॉपीबुक शैली में 14 जुलाई, 2023 को कक्षा में स्थापित किया गया था।

महरौली हत्याकांड : श्रद्धा के पिता ने कोर्ट से कहा

## पूनावाला ने मेरी बेटी का गला घोंटने की बात कबूली

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** एक चौंकाने वाले खुलासे में श्रद्धा वाकर के पिता ने दिल्ली की एक अदालत के सामने गवाही दी कि आफताब अमीन पूनावाला ने अपने हाथों से उनकी बेटी का गला घोंटने की बात कबूल की है।पीड़ित के पिता विकास वाकर ने आगे गवाही दी कि हत्या के बाद पूनावाला ने पीड़िता के शरीर के टुकड़े–टुकड़े कर दिए और अधिकारियों और जनता को पता न चले, इसलिए शरीर के हिस्सों को दिल्ली भर में विभिन्न उजाड़ जगहों पर फेंक दिया।

उन्होंने 11 नवंबर, 2022 को महरौली पुलिस स्टेशन की अपनी यात्रा के बारे में बताया, जहां उन्होंने पूनावाला को उस व्यक्ति के रूप में पहचाना, जिसके साथ उनकी बेटी पिछले तीन वर्षों से रह रही थी।उन्होंने पुलिस को रिश्ते के दौरान उनकी बेटी के साथ लगातार होने वाले झगड़ों और शारीरिक शोषण के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान पूनावाला से हत्या के दो दिन बाद श्रद्धा के खाते से एक संदिग्ध लेनदेन के बारे में पूछा गया था, लेकिन उन्होंने इसके बारे में कोई भी जानकारी होने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, जब मैंने पूनावाला से पूछा कि मेरी बेटी कहां है, तो उसने कहा कि वह अब नहीं रहीज् ।वाकर ने कहा, मैं सदमे में था और चक्कर आने लगा। जब मैं थोड़ी देर बाद होश में आया, तो पूनावाला ने खुलासा करना शुरू कर दिया कि उसने मेरी बेटी को कैसे मार डाला। उसने मुझे बताया कि 18 मई, 2022 को उसके छतरपुर आवास पर मेरी बेटी के साथ उसका झगड़ा हुआ था और आगे बताया कि उसने अपने हाथों से श्रद्धा का गला घोंट दिया।

## तेलंगाना सरकार ने बाढ़ राहत के लिए 500 करोड़ रुपए किए जारी

**हैदराबाद ,(एजेंसी)।** तेलंगाना सरकार ने कहा कि राज्य में भारी बारिश के दौरान आयी बाढ़ से 40 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और उनके परिजनों को अनुग्रह राशि दी जाएगी। आज हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य में भारी बारिश से हुए नुकसान पर चर्चा के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए नगरपालिका प्रशासन और शहरी विकास मंत्री केटी रामाराव (केटीआर) ने कहा कि भूपालपल्ली, मुलुगु, हनमाकोंडा, निर्मल, आदिलाबाद, खम्मम और कोठागुडेम जिले भारी बारिश से प्रभावित हुए हैं और प्रभावित लोगों को तत्काल राहत प्रदान की गई ।उन्होंने कहा कि सरकार ने राहत कार्यों और क्षतिग्रस्त सडक़ों की मरम्मत के लिए 500 करोड़ रुपये जारी किए हैं। अस्थायी मरम्मत युद्ध स्तर पर जारी है। उन्होंने कहा कि करीब 27 हजार लोगों को राहत शिविरों में स्थानांतरित किया गया है।

आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान को आई भारत की याद

## वार्ता को तैयार, युद्ध विकल्प नहीं: शहबाज

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** शरीफ ने इस्लामाबाद में पाकिस्तान खनिज शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। शहबाज शरीफ ने भारत के साफ संदर्भ में कहा कि हम हर किसी के साथ बात करने के लिए तैयार हैं, यहां तक कि अपने पड़ोसी के साथ भी, बशर्ते कि पड़ोसी मेज पर गंभीर मुद्दों पर बात करने के लिए गंभीर हो। उन्होंने आगे कहा कि युद्ध अब कोई विकल्प नहीं है। 'डस्ट टू डेवलपमेंट' के नारे के तहत आयोजित इस बैठक का उद्देश्य नकदी संकट से जूझ रहे देश में विदेशी निवेश लाना था।

इस दौरान शरीफ ने भारत के साथ हुए तीनों युद्धों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बीते 75 सालों में हमने तीन युद्ध लड़े हैं। इन युद्धों के परिणामस्वरूप गरीबी, बेरोजगारी और लोगों की शिक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण के



लिए संसाधनों की कमी में वृद्धि हुई है। ऐसे में युद्ध अब विकल्प नहीं है।

इस दौरान शहबाज नें परमाणु अस्त्रों का भी जिक्र किया। शहबाज नें कहा कि पाकिस्तान परमाणु संपन्न देश है। हमारी परमाणु क्षमता रक्षात्मक उद्देश्यों के लिए है न कि आक्रामकता के लिए। लेकिन भविष्य में कभी परमाणु युद्ध हुआ तो यह बताने के लिए कि क्या हुआ था कोई जीवित भी रहेगा या नहीं पता नहीं। इसलिए युद्ध कोई विकल्प नहीं है। शरीफ ने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान परमाणु संघर्ष के काले पक्ष से अच्छी तरह वाकिफ है लेकिन भारत को भी इसका एहसास होना चाहिए।

इस दौरान शहबाज ने कहा कि यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि हमारे पड़ोसी को यह समझना होगा कि जब तक असामान्यताओं को दूर नहीं किया जाता है और जब तक हमारे गंभीर मुद्दों को समझा नहीं जाता है और शांतिपूर्ण और सार्थक चर्चा नहीं हो सकती। तब तक हम सामान्य पड़ोसी नहीं बन सकते हैं। बता दें कि सीमा पार आतंकवाद और कश्मीर मुद्दे सहित कई मुद्दों पर भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में तनाव जारी है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध अगस्त 2019 में तब और तनावपूर्ण हो गए थे जब भारत ने जम्मू और कश्मीर की विशेष स्थिति को बदल दिया।

पाकिस्तान के साथ संबंधों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पहले ही भारत का रुख साफ कर चुके हैं। उन्होंने कई बार दो टूक जवाब हेते हुए कहा है कि जब तक सीमा पार आतंकवाद की नीति खत्म नहीं की जाती तब तक भारत के लिए पड़ोसी देश के साथ सामान्य संबंध रखना संभव नहीं है।

इससे पहले जनवरी में पश्चिमी एशिया के प्रमुख मीडिया संस्थानों में से एक अल–अरेबिया को दिए इंटरव्यू में जब पाकिस्तानी प्रधानमंत्री से भारत के साथ रिश्तों को लेकर सवाल किया गया था, तो उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से तीन युद्धों में पाकिस्तान ने सबक सीखे हैं और वे अब शांति चाहते हैं। उन्होंने चैनल के माध्यम से ही भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी अपील की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान शांति चाहता है, लेकिन कश्मीर में जो कुछ भी हो रहा है, वह रुकना चाहिए।

## नैतिक भ्रष्टाचार का कारण बताते हुए तालिबान ने संगीत वाद्ययंत्र जलाए

**काबुल ,एजेंसी।** अफगानिस्तान में तालिबान शासन के अधिकारियों ने हजारों डॉलर मूल्य के संगीत उपकरण जला दिए हैं। इसमें गिटार, हारमोनियम और तबला शामिल है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तालिबान का दावा है कि संगीत नैतिक भ्रष्टाचार का कारण बनता है। घटना 29 जुलाई को हेरात प्रांत में हुई।

सोशल मीडिया पर मौजूद तस्वीरों से पता चला कि एम्पलीफायरों और स्पीकरों को भी आग के हवाले कर दिया गया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें से कई को विवाह स्थलों से जब्त किया गया था। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए, तालिबान के सदाचार मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि संगीत से युवा भटक जाएंगे। अफगानिस्तान नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ म्यूजिक के संस्थापक अहमद सरमस्त ने शासन के कार्यों की तुलना सांस्कृतिक नरसंहार और संगीत बर्बरता से की। पुर्तगाल में रह रहे सरमस्त ने कहा, अफगानिस्तान के लोगों को कलात्मक स्वतंत्रता से वंचित कर दिया गया है, हेरात में संगीत वाद्ययंत्रों को जलाना तालिबान के नेतृत्व में अफगानिस्तान में हो रहे सांस्कृतिक नरसंहार का एक छोटा सा उदाहरण है। अगस्त 2021 में काबुल के पतन के बाद से, तालिबान ने सार्वजनिक रूप से संगीत बजाने सहित कई प्रतिबंध लगाए हैं।

संसद में मणिपुर का गतिरोध तीखे दौर में

## नहीं डरेगा आइएनडीआइए, भाजपा को हराएंगे: खरगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर संसद में लगातार 11 दिनों से सरकार और विपक्ष में जारी टकराव अब तीखे दौर में पहुंच गई है। लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव की बहस के जरिए मणिपुर पर सरकार को घेरने का इंतजार कर रहे विपक्ष ने राज्यसभा में नियम 267 के नोटिसों को लगातार खारिज किए जाने को तानाशाही करार दिया है।

साथ ही विपक्षी आइएनडीआइए गठबंधन के सभी दलों ने आरोप लगाया है कि राज्यसभा में मणिपुर पर विपक्ष को बोलने नहीं दिया जा रहा और सवाल उठाने पर सभापति के जरिए विपक्ष के खिलाफ कार्रवाई की धमकी दी जा रही है।

राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार पर यह आरोप लगाते हुए कहा कि आइएनडीआइए गठबंधन ऐसी धमकियों से डरे बिना संसद में विपक्ष की आवाज दबाने की



कोशिशों का जोरदार मुकाबला करेगा। वहीं सरकार ने साफ कर दिया है कि राज्यसभा में वह मणिपुर पर नियम 176 के तहत चर्चा के लिए राजी है। सोमवार को इस नियम के तहत चर्चा की शुरूआत भी हो गई थी।

संसद के दोनों सदनों विशेष रूप से राज्यसभा में मणिपुर को लेकर मंगलवार को हुए हंगामे के बाद आइएनडीआइए के नेताओं ने मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में विजय चौक पर संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस करते हुए कहा कि सरकार दुष्प्रचार कर रही कि विपक्ष चर्चा नहीं चाहता। वास्तविकता यह है कि सरकार नियम 176 के तहत दो–ढाई घंटे की चर्चा करा खानापूर्ति कराना चाहती है जबकि विपक्ष नियम 267 में लंबी–व्यापक चर्चा का आग्रह कर रहा ताकि मणिपुर की गंभीर घटना पर समग्र चर्चा हो सके।

डेरक ओब्रायन, मनोज झा, संजय सिंह, केशव राव समेत कई अन्य विपक्षी नेताओं की मौजूदगी में खरगे ने कहा कि सदन में सभापति के जरिए सरकार हमें नतीजे भुगतने की धमकी दिलवा रही है। आप सांसद संजय सिंह को अनुचित तरीके से पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया तो कांग्रेस सांसद रजनी पाटिल का पिछले सत्र में हुआ निलंबन अभी तक खत्म नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यह तानाशाही व्यवहार है और आइएनडीआइए की पार्टियां डर कर भागने वाली नहीं बल्कि डटकर मुकाबला करेंगे और भाजपा–एनडीए को हराएंगे। इससे पूर्व राज्यसभा में सत्तापक्ष और सभापति के साथ विपक्ष की जमकर तकरार हुई और हंगामे की वजह से दो बार स्थगित भी हुआ। मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्ष के 65 सांसदों के नियम 267 के दिए नोटिस का हवाला देते हुए मणिपुर पर चर्चा मांग की और पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान सदन में ऐसी चर्चाओं के उदाहरण गिनाए।सत्तापक्ष ने इसका विरोध करते हुए भारी शोर–शराबा किया और आरोप लगाया कि विपक्ष नियम 176 की चर्चा से भाग रहा है। वहीं सभापति जगदीप धनखड़ ने विपक्ष को सदन बाधित करने के लिए कड़ी नसीहतें दी। हंगामे के बीच सभापति ने प्रश्नकाल जारी रखा तब आइएनडीआइए ने राज्यसभा की कार्यवाही से विरोध स्वरूप वॉक आउट किया। विपक्ष के सदन से वाक आउट के बाद राज्यसभा में सरकार ने कुछ विधेयक पारित करा अपने विधायी कामकाज को पूरा करने से कोई गुरेज नहीं किया।

## एटीएम बदलकर रुपए निकालने वाले को गाजियाबाद पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गाजियाबाद ,(एजेंसी)।** अगर आप भी एटीएम बूथ जाते हैं और वहां पर किसी दूसरे की मदद लेकर अपना एटीएम ऑपरेट करते हैं, तो आप भी सावधान हो जाएं। गाजियाबाद पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो लोगों की मदद करने के नाम पर उनका एटीएम कार्ड बदल दिया करता था और फिर उससे पैसे निकाला करता था। पकड़े आरोपी ने अब तक कई लोगों को ठगा है।गाजियाबाद के थाना मसूरी पुलिस को चेकिंग व गस्त के दौरान सूचना मिली कि एक व्यक्ति, जो एटीएम बूथ पर लोगों की मदद करने के बहाने उनके एटीएम बदलकर पैसे निकाल लेता है, वह एक्सिस बैंक एटीएम रफीकाबाद के पास घूम रहा है।

थाना मसूरी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए एक्सिस बैंक एटीएम के पास से कमल पुत्र अशोक कुमार हाल निवासी ई–7 198 सुल्तानपुरी थाना सुल्तानपुरी दिल्ली उम्र करीब 30 वर्ष मूल निवासी मकान– नंबर 48/1 इन्द्रा कॉलोनी थाना सिटी, जिला रोहतक, हरियाणा को गिरफ्तार किया।पुलिस ने उसके कब्जे से 3 एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। पूछताछ पर अभियुक्त ने बताया कि वह बेरोजगार होने के कारण अपनी आर्थिक प्रति–पूर्ति के लिऐ दिल्ली एंव एनसीआर क्षेत्र मे एटीएम के आस–पास घूम–फिरकर रैकी करता रहता है, अक्सर कम पढ़े–लिखे एंव बुजुर्ग लोगों की मदद के बहाने उनके एटीएम कार्ड बदलकर पैसे निकाल लेता था।

## बाढ़ ने हिमाचल में खूब मचाई तबाही, सैलाब में बही सड़कों को बनाएगा केंद्रः गडकरी

**कुल्लू, शिमला, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को हिमाचल दौरे के दौरान कुल्लू और मंडी में बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने हमीरपुर जिला में रंगस से बाशल तक के रोड के लिए 50 करोड़ रुपए देने का ऐलान किया, जबकि कांगड़ा–चंबा संसदीय क्षेत्र में शाहपुर से सिंहुता सडक़ के लिए 53 करोड़ रुपए मंजूर किए। केंद्रीय परिवहन मंत्री ने माना कि हिमाचल में प्रलयकारी बाढ़ में बहुत नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि लैंडस्लाइड के कारण नदी ने अपना रुख बदला है और जब भी बाढ़ आती है नदी अपना



पात्र बदल लेती है। ऐसे में इस पर तकनीकी अध्ययन करना होगा।नितिन गडकरी ने हिमाचल सरकार से भी कहा कि वह 10 से 15 दिन में इस पर अध्ययन करे, ताकि फोरलेन को फिर से बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि हिमाचल में इस बार जिस प्रकार का संकट आया है शायद ही पहले कभी आया हो। हाल ही में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने हिमाचल की वस्तुस्थिति से अवगत करवाया था, जबकि तीन–चार दिन पहले नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी इस संदर्भ में मिले थे। इसके अलावा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी मुझे कहा था कि हिमाचल में बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। आज पार्लियामेंट चल रही है, जिसके चलते मैंने एक दिन की छुट्टी ली है। हिमाचल पहुंच कर मैंने खुद एक–एक स्पॉट का विजिट किया और देखा कि कितना नुकसान हुआ है। बारिश से नुकसान के बचने का बेहतरीन उपाय टनल का निर्माण है, लेकिन इसमें लागत बहुत ज्यादा आती है। उन्होंने कहा कि केंद्र में हमारी सरकार आने के बाद साढ़े 12 हजार करोड़ की 68 सुरंगे हिमाचल के लिए प्रस्तावित की हैं। इनमें से 11 सुरंगों का निर्माण किया जा चुका है, जबकि 27 सुरंगों का निर्माण चल रहा है।केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि चंडीगढ़ मनाली फोरलेन का आ विजिट किया है।

# भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए विंडीज टीम में शाई होप, ओशेन थॉमस की वापसी



पोर्ट ऑफ स्पेन ,01 अगस्त। विकेटकीपर–बल्लेबाज और वनडे टीम के कप्तान शाई होप को क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के सीनियर पुरुष चयन पैनल ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए अंतिम टीम की घोषणा में वापस बुला लिया है। यह सीरीज गुरुवार (3 अगस्त) से शुरू हो रही है।पांच मैचों की सीरीज के आखिरी दो मैच 12 और 13 अगस्त को ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, लॉडरहिल, फ्लोरिडा में खेले जाएंगे।अंतिम टीम के सभी 15 सदस्य सभी मैचों के लिए यात्रा करेंगे, पहला मैच त्रिनिदाद में ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में खेला जाएगा। फिर प्रत्येक मैच के लिए 13 सदस्यीय टीम होगी जिसमें से अंतिम एकादश का चयन किया जाएगा।शाई होप के अलावा तेज गेंदबाज ओशाने थॉमस की भी इस प्रारूप में वापसी हुई है। थॉमस ने इस प्रारूप में अपना आखिरी मैच दिसंबर 2021 में पाकिस्तान में खेला था जबकि होप ने अपना आखिरी मैच फरवरी 2022 में भारत में खेला था।वेस्टइंडीज सीनियर चयन पैनल के मुख्य चयनकर्ता डॉ डेसमंड हेन्स ने कहा, टीम का चयन अगले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप को ध्यान में रखकर किया गया है। हम विभिन्न योजनाओं पर विचार कर रहे हैं और सही संयोजन ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं। जैसे हम तैयारी करते हैं; हम एक ऐसी इकाई बनाने पर विचार कर रहे हैं जिसके बारे में हमारा मानना है कि यह तब काम कर सकती है जब हम एक वर्ष से कम समय में वैश्विक कार्यक्रम की मेजबानी करेंगे। हमारे लाइन–अप में कुछ मैच विजेता खिलाड़ी हैं और हम गुरुवार से यहां त्रिनिदाद में शुरुआत करते हुए सही तरह की तैयारी करने की कोशिश करेंगे।हमारे पास अन्य खिलाड़ी भी हैं जिन पर भविष्य में विचार किया जा सकता है, अगले महीने कैरेबियन प्रीमियर लीग शुरू होने के साथ अन्य खिलाड़ी भी विचार में आएंगे।

टीम की कप्तानी रोवमैन पॉवेल करेंगे और सलामी बल्लेबाज काइल मेयर्स उप–कप्तान होंगे। टीम में जेसन होल्डर और निकोलस पूरन जैसे वरिष्ठ सफेद गेंद विशेषज्ञ शामिल हैं।हेन्स ने कहा, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी गुरुवार को उद्घाटन मैच की मेजबानी करेगी। इसके बाद टीमें 6 अगस्त और 8 अगस्त को दूसरे और तीसरे मुकाबलों के लिए गयाना नेशनल स्टेडियम में खेलेंगी।श्रृंखला 12 अगस्त और 13 अगस्त को फाइनल मैचों के लिए ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, लॉडरहिल, फ्लोरिडा में एक ब्लॉकबस्टर सप्ताहांत के साथ चरम पर होगी। सभी मैच स्थानीय समयानुसार सुबह 10:30 बजे (लगभग रात 8 बजे भारतीय समयानुसार) शुरू होंगे।

**टी20 के लिए वेस्टइंडीज टीमः**

रोवमैन पॉवेल (कप्तान), काइल मेयर्स (उप–कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज़, शिमरॉन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, अल्ज़ारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, ओबेड मैकॉय, निकोलस पूरन, रोमारियो शेफर्ड, ओडियन स्मिथ, ओशाने थॉमस.

**मैच शेड्यूल**

3 अगस्तः पहला टी20 मैच, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद

6 अगस्तः दूसरा टी20 मैच, नेशनल स्टेडियम, गयाना

8 अगस्तः तीसरा टी20 मैच, नेशनल स्टेडियम गयाना

12 अगस्तः चौथा टी20 मैच, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, लॉडरहिल, फ्लोरिडा

## उन खिलाड़ियों को और मौके दीजिए, जिन्हें पर्याप्त मौके नहीं मिले : आकाश चोपड़ा




पोर्ट ऑफ स्पेन । टीम इंडिया मंगलवार को त्रिनिदाद में तीसरे और अंतिम वनडे में वेस्टइंडीज से भिड़ेगी। इस बीच भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने एक बड़ा बयान दिया है।

भारत और वेस्टइंडीज के बीच वनडे सीरीज 1–1 से बराबर है। पहला मैच भारत के नाम रहा, जबकि दूसरे मुकाबले में मेजबान टीम ने जीत दर्ज की। दूसरे मैच में टीम इंडिया ने प्लेइंग–11 में कई बदलाव किए थे। टीम के कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को आराम दिया गया था। देखा जाए तो यह प्रयोग टीम पर काफी भारी पड़ा।अब सीरीज भारत के लिए दांव पर है। इस बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि अगर प्रबंधन को लगता है कि यही आगे बढ़ने का रास्ता है तो उन्हें प्रयोग जारी रखना चाहिए।

इस साल के एकदिवसीय विश्व कप से पहले टीम मैनेजमेंट द्वारा कई प्रयोग किए जा रहा हैं। विराट–रोहित को आराम देकर संजू सैमसन और अक्षर पटेल को खेलने का मौका दिया गया।

चोपड़ा ने कहा, आप उन खिलाड़ियों को और मौके दीजिए जिन्हें अतीत में पर्याप्त मौके नहीं मिले हैं।

इसके बाद चोपड़ा ने अपनी बात रखते हुए कहा कि अगर टीम तीसरे वनडे और सीरीज जीतने की अपनी संभावनाओं को बढ़ाना चाहती है, तो उन्हें अनुभवी रोहित शर्मा और विराट को लाइन–अप में लाना होगा।

# 12 साल बाद डब्लूएफआई को मिलेगा नया अध्यक्ष

### बृजभूषण गुट के खिलाफ इस दिग्गज खिलाड़ी ने भरा नामांकन



नई दिल्ली , रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया को 12 साल बाद नया अध्यक्ष मिलने जा रहा है। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के मामले में गवाही देने वाली रेसलर अनीता श्योराण अब चुनावी दंगल में भी कूद गई है।

12 अगस्त को होने वाले चुनाव के लिए अनीता ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा है। ऐसे में अगर अनीता चुनाव जीत जाती हैं तो वो भारतीय कुश्ती की अगुआई करने वाली पहली महिला होंगी। अनीता ने 2010 में दिल्ली में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीतकर भारत का परचम लहराया था। बता दें कि यौन उत्पीड़न के आरोपों से जूझ रहे बृजभूषण सिंह का कार्यकाल समाप्त हो गया है और अब 12 अगस्त को चुनाव होने जा रहे हैं।

वहीं, बृजभूषण सिंह ने अपने करीबी संजय सिंह और जय प्रकाश को भी चुनावी मैदान में उतारा है। ऐसे में कॉमनवेल्थ गेम्स की स्वर्ण पदक विजेता अनीता श्योरेण को बृजभूषण सिंह के गुट के खिलाफ लड़ना होगा। इस वाटरशेड डब्ल्यूएफआई चुनाव के लिए, 50 सदस्यीय मतदाताओं और उम्मीदवारों की सूची में अनीता अकेली महिला हैं। 38 वर्षीय खिलाड़ी का मुकाबला बृज भूषण के पैनल के दो खिलाड़ियों से होने की संभावना है।

# आयरलैंड के खिलाफ कप्तानी के साथ वापसी करेंगे बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा भी टीम में



नई दिल्ली ,आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारत का कप्तान बनाए जाने के साथ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार हैं। टीम में तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की भी वापसी हुई है।

भारत और आयरलैंड के बीच तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच 18, 20 और 23 अगस्त को मलाहाइड में खेले जाएंगे। भारत और आयरलैंड ने जून 2022 में दो मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला खेली थी, जिसमें मेहमान टीम ने श्रृंखला 2–0 से जीती, हालांकि एक समय मेजबान आयरलैंड की टीम जीतने के करीब आ गई थी। आयरलैंड दौरे के लिए रुतुराज गायकवाड़ को टीम का उप–कप्तान नियुक्त किया गया है। साथ ही रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर और शाहबाज अहमद को भी शामिल किया गया है। बुमराह पिछले साल सितंबर के अंत से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैच खेलने के बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला से अपना नाम वापस ले लिया था। पीठ की चोट दोबारा उभरने के कारण वह ऑस्ट्रेलिया में पुरुष टी20 विश्व कप से भी चूक गए। वह पिछले साल यूएई में हुए एशिया कप में भी नहीं खेले थे।बुमराह ने इस साल जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए वापसी की कोशिश की थी, लेकिन गुवाहाटी में एकदिवसीय श्रृंखला के शुरुआती मैच की पूर्व संध्या पर उन्हें टीम से बाहर होना पड़ा। बीसीसीआई ने समय इसे एहतियाती उपाय बताया था। इसके बाद मार्च में न्यूजीलैंड में उनकी पीठ की सर्जरी हुई और तब से वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन कर रहे हैं। दूसरी ओर, प्रसिद्ध कृष्णा पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण पिछले साल से एक्शन से बाहर हैं। सर्जरी के बाद एनसीए में उनका भी रिहैबिलिटेशन चल रहा था। आयरलैंड के खिलाफ टी20 के लिए भारतीय टीमः जसप्रीत बुमराह (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़ (उप–कप्तान), यशस्वी जयसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज़ अहमद, रवि बिश्नोई, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, अवेश खान।

## फिल्मी दुनियां

# बॉक्स ऑफिस पर रॉकी और रानी की प्रेम कहानी सहित सभी फिल्मों को मिला वीकेंड का फायदा



सिनेमाघरों में इस हफ्ते करण जौहर की रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने दस्तक दी थी।फिल्म में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह की जोड़ी नजर आई है, जिसे दर्शक पसंद कर रहे हैं।पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत करने के बाद अब दूसरे दिन भी फिल्म ने अच्छा प्रदर्शन किया है, वहीं बाकी सभी फिल्मों की कमाई में भी वीकेंड पर उछाल देखने को मिला है।आइए जानते हैं किस फिल्म ने कितनी कमाई की है।

रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के साथ करण ने 7 साल बाद बतौर निर्देशक वापसी की है और अब उनका कमबैक सफल होता नजर आ रहा है।पहले दिन फिल्म ने 11.10 करोड़ रुपये के साथ अपनी शुरुआत की तो अब दूसरे दिन इसे वीकेंड का फायदा मिला है।सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने शनिवार को 16 करोड़ रुपये कमाए हैं और अब इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 27.10 करोड़ रुपये हो गया है।

2023 में आई हिंदी फिल्मों के ओपनिंग डे कलेक्शन में करण की रॉकी और रानी की प्रेम कहानी 11.10 करोड़ के साथ 5वीं सबसे बड़ी ओपनर साबित हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, पहले चार स्थानों पर सबसे पहले 57 करोड़ रुपये के साथ शाहरुख खान की पठान, 37 करोड़ रुपये के साथ आदिपुरुष, 15.73 करोड़ रुपये के साथ तू झूठी मैं मक्कार और आखिर में 13.5 करोड़ रुपये के साथ किसी का भाई किसी की जान है।

जे रॉबर्ट ओपेनहाइमर की बायोपिक ओपेनहाइमर रिलीज के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।फिल्म में क्रिस्टोफर नोलन को पसंद किया जा रहा है तो इसके एक सीन पर आपत्ति जताई जा रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने 4.35 करोड़ कमाए थे तो 9वें दिन इसकी कमाई 7.25 करोड़ रुपये रही है।ऐसे में फिल्म का अब तक का कलेक्शन 84.80 करोड़ रुपये हो गया है।

हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता टॉम क्रूज की फिल्म इम्पॉसिबल– डेड रेकनिंग पार्ट वन की रिलीज का तीसरा हफ्ता चल रहा है और यह बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने शुक्रवार को 85 लाख रुपये का कलेक्शन किया था तो शनिवार को इसकी कमाई में इजाफा हुआ और इसने 1.60 करोड़ रुपये कमाए हैं।ऐसे में अब इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 100.80 करोड़ रुपये हो गया है।

### वीरे दी वेडिंग के सीक्वल पर लगी मुहर, जल्द शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

साल 2018 में आई फिल्म वीरे दी वेडिंग को दर्शकों द्वारा काफी सराहा गया था। इसमें करीना कपूर, सोनम कपूर, स्वरा भास्कर और शिखा तलसानिया जैसे अभिनेत्रियां नजर आई थीं।फिल्म ने टिकट खिडकी पर 81.39 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।अब वीरे दी वेडिंग के सीक्वल से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आ रही है।पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माता वीरे दी वेडिंग का दूसरा भाग लाने की तैयारी कर रहे हैं। वीरे दी वेडिंग की दूसरी किश्त पर काम शुरू हो चुका है। फिलहाल स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है।रिपोर्ट्स के अनुसार, अगले साल तक निर्माता वीरे दी वेडिंग 2 की शूटिंग शुरू कर देंगे। आने वाले दिनों में जल्द इस खबर की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।फिलहाल वीरे दी वेडिंग 2 की कास्ट तय नहीं हुई है। हालांकि, उम्मीद जताई जा रही है कि दूसरे हिस्से में भी पहले भाग वाली स्टारकास्ट ही नजर आ सकती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि फिल्म वीरे दी वेडिंग 2 का आइडिया और कॉन्सेप्ट लॉक कर दिए गए हैं।

# जूनियर एनटीआर की देवरा का नया टीजर जारी, रोमांचित हुए प्रशंसक



जूनियर एनटीआर के प्रशंसकों के बीच उनकी आने वाली फिल्म देवरा को लेकर अच्छी–खासी दीवानगी देखने को मिल रही है।यह फिल्म लंबे समय तक एनटीआर 30 नाम से जानी जा रही थी। मई में निर्माताओं ने फिल्म के नाम देवरा की घोषणा की थी।अब फिल्म का नया टीजर जारी किया गया है, जिसने प्रशंसकों का उत्साह खूब बढ़ा दिया है। वीएफएक्स से भरपूर इस टीजर में एनटीआर का हिंसक अवतार नजर आ रहा है।

निर्माताओं ने फिल्म का एक टीजर जारी कर प्रशंसकों की उत्सुकता और बढ़ा दी है। देवरा के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर टीजर के साथ लिखा गया, बड़े पर्दे पर डर का सामना करने में 250 दिन बाकी हैं। देवरा 5 अप्रैल 2024 से।नए टीजर टीजर का बैकग्राउंड स्कोर उनकी उत्सुकता को और बढ़ा रहा है।इस टीजर पर शाहरुख खान की जवान के आधिकारिक हैंडल से भी फिल्म को शुभकामनाएं दी गई हैं।

जूनियर एनटीआर की देवरा के जरिए जाह्नवी कपूर अपना तेलुगू डेब्यू करने वाली हैं और उन्होंने भी फिल्म के कुछ हिस्से की शूटिंग भी कर ली है।सैफ अली खान भी इस फिल्म में जूनियर एनटीआर के साथ स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जो तेलुगु समेत तमिल, मलयालम और हिंदी में रिलीज होगी।

# गन्स एंड गुलाब में नए अवतार में नजर आए राजकुमार राव



फिल्म निर्माता जोड़ी राज एंड डीके की साल की बहुप्रतीक्षित सीरीज गन्स एंड गुलाब का नया वीडियो शुक्रवार को जारी किया गया, जो इस बात की ओर इशारा करता है कि यह एक गैंगस्टर कॉमेडी है, जो 1970 के दशक के रोमांटिक पागल प्रेमियों और सनकी गैंगस्टरों के गानों से भरपूर है।

सीरीज गन्स एंड गुलाब एक विचित्र शैली मिश्रण है जिसमें राजकुमार राव, दुलकर सलमान, आदर्श गौरव, टीजे भानु और गुलशन देवैया प्रमुख भूमिकाओं में हैं।वीडियो की शुरुआत रेट्रो संगीत से होती है, जिसमें गुलाब की पृष्ठभूमि के साथ कोल्ड–ड्रिंक की टूटी हुई बोतल दिखाई देती है। राजकुमार की एक झलक में उन्हें एक नए अवतार में दिखाया गया है, जिसमें एक अनोखा हेयर स्टाइल और हाथ में बंदूक है। वहां एक पत्थर चिन्ह है जिस पर गुलाबगंज 6 किमी लिखा है।

# बारबाड एक सुंदर और विचारोत्तेजक गाना है, जिसने मेरे दिल में जगह बना ली:संदीपा धर



कागज, हीरोपंती जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं और दबंग 2 में कैमियो के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री संदीपा धर, जिन्होंने अब ट्रैक बारबाड के लिए अभिषेक बजाज के साथ मिलकर काम किया है, ने कहा कि यह गाना परिवर्तनकारी शक्ति की खोज करता है। अप्रत्याशित स्थानों में सच्चा प्यार पाना।

यह ट्रैक बेवफाई के जाल में फंसे दो व्यक्तियों और सच्चा प्यार पाने की खट्टी–मीठी कहानी बताता है। जैसे–जैसे उत्तेजक धुनें सामने आती हैं, यह गीत विश्वासघात और दिल के दर्द की कच्ची भावनाओं को उजागर करता है, जो धीरे–धीरे दोनों को प्यार मिलने के साथ समाप्त होता है। उत्तेजक गीतों और मंत्रमुग्ध कर देने वाली धुनों के साथ, बारबाड श्रोताओं को शुद्ध भावनाओं की दुनिया में ले जाने का वादा करता है।गाने के बारे में बात करते हुए, संदीप ने कहा, बारबाड एक सुंदर और विचारोत्तेजक गाना है, जिसने मेरे दिल में जगह बना ली है। यह रिश्तों की जटिलताओं, बेवफाई और अप्रत्याशित स्थानों में सच्चा प्यार पाने की परिवर्तनकारी शक्ति का पता लगाता है।उन्होंने आगे कहा कि यह गाना कुछ ही सेकंड में आपके लिए खुशी और गम सब लेकर आएगा और आपको भावनाओं की यात्रा पर ले जाएगा। ट्रैक के साथ एक आकर्षक संगीत वीडियो भी है जो गाने के भावनात्मक प्रभाव को बढ़ाता है। वीडियो गीत के गहन संदेश को रेखांकित करते हुए प्यार, दिल टूटने और मुक्ति की पेचीदगियों को दर्शाता है। साक्षी होल्कर द्वारा गाए गए इस गाने के बोल कान्हा कंबोज ने लिखे हैं और संगीत मंदीप पंघाल ने दिया है। अभिषेक ने साझा कियाः इस संगीत वीडियो का सबसे अच्छा हिस्सा इसकी कहानी है। यह एक सुंदर संदेश देता है कि यदि आप गलत व्यक्ति के साथ हैं तो आपको आगे बढ़ जाना चाहिए और उस व्यक्ति के साथ रहना चाहिए जो आपसे वैसे ही प्यार करता है जैसे आप हैं।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com